श्री हरि सिंह : क्या मंत्री महोदय यह बताने का कष्ट करेंगे कि मेरी कांस्टीच्युऐंसी में तीन सड़कें हैं और उन तीनों को चीफ मिनिस्टर साहब ने मंजूर किया था ताजपुर से बापरी, अधमी से ननहेडा और नीबडी. से रिसालू इनको कब तक पूरा कर दिया जाएगा?

Pandit Chiranji Lal Sharma : I do not know Sir, whether the hon. Chief Minister had passed that order. I will examine it.

चौधरी चांद राम : क्या मंत्री महोदय यह बताने का कष्ट करेंगे कि सड्कों के कई जगह ऐसे हिस्से हैं जहां पर पुलों के दोनों तरफ मिट्टी डाल दी है और वहां पर खड्डे पड़ गए हैं, वैसे वह सड़क मुकम्मल है जैसे गन्नौर से बेगा सड़क है और इसी तरह की और भी. रोड्ज हैं, इतको पहले मुकम्मल करेंगे?

Pandit Chiranji Lal Sharma : Certainly, Sir; priority will be given to such small works.

चौधरी फूल चन्द (मुलाना) : क्या मंत्री महोदय के नोटिस में ऐसे केसिज हैं कि कुछ सड्कों से वहां मटीरियल उठाया जा रहा है और उस मैटीरियल को दूसरी सड़कों पर लगा रहे हैं तो ऐसा क्यों किया जा रहा हे?

Pandit Chiranji Lal Sharma : At least no such case has come to my notice. If the hon. Member brings such a case to my notice, I will look into **it.**

चौधरी फूल सिंह कटारिया : क्या मंत्री महोदय यह बताने का कष्ट करेंगे कि रोहतक से झज्जर सड़क की जो वाइडनिंग हो रही हो अब वह बिल्कुल खराब पडीहुई है, उस पर हमारी मोटरें भी खराब होती हैं, इसलिए उसको जल्दी से जल्दी ठीक कराने की कोशिश करेगे?

Pandit Chiranji Lal Sharma : Certainly, Sir, This is in my knowledge. **I** have seen the road in question myself. Government has taken a decision to widen the Rohtak-Jhajjar Road. But, it all depends upon the availability of funds. We are short of funds and we cannot proceed with the work till funds are available.

श्रीमती लेखवती जैन : क्या मंत्री महोदय इस बात पर गौर करेंगे कि जो गांव पक्की सड्कों से मील आधा मील के फासले पर हैं उनको बनाने की प्रायरटी देंगे? पांच– पांच मील लम्बी रोड बनाने की बजाए एक–एक मील और आधा–आधा मील की रोड बनाने से ज्यादा गांवों को फायदा हो सकता है ।

पंडित चिरंजी लाल शर्मा : डिप्टी स्पीकर साहिबा का सवाल कुछ वेग है । अगर वे कहते हैं कि मील या आधा मील की जो सड़कें बाकी हें, उनको कम्पलीट करने की बात है तो मेरा

जवाब कुछ और होगा और अगर किसी लिंक रोड को जो मील या दो मील या आधा मील की है तो उसका जवाब दूसरा होगा ।

श्रीमती लेखवती जैन : आप दोनों का ही जवाब दे दीजिए ।

पंडित चिरंजी लाल शर्मा : स्पीकर साहब बात यह है कि जो छोटी–छोटी नई लिंक रोडज हैं मील या डेढ़ मील की उनको प्रायरटी देने की कोई प्रोपोजल नही है । जहां तक ऐसी सड्कों का ताल्लुक है, जिन पर मिट्टी पड़ी हुई है, मलबा पड़ा हुआ है! ईटें पड़ी हुई हैं, उनको भी प्रायरटी दी जाएगी दूसरे उन सड्कों को जिनकी सोलिग हुई है, स्टोन मैटल पडा है, उन सड़कों को भी कम्पलीट करने में प्रायरटी दी जाएगी ।

श्री अमर सिंह : क्या मंत्री महोदय यह बताने का कष्ट करेंगे कि हिसार से लोहारू वाया मंगोली और वाया हरीता रोड है, चक्रवर्ती नहर बनने के पश्चात् वहां पर कोई डेढ़ मील का टुकड़ा बाकी पड़ा हुआ है, जनवरी सैशन में मिनिस्टर महोदय ने अश्यो– रैंस भी दी थी लेकिन अम्मी तक उस पर कोई अमल नहीं हुआ, उसको कब तक कम्पलीट कर दिया जाएगा? 44 मील लम्बी रोड़ में केवल डेढ़ मील का टुकड़ा इन–कम्प्लीट पड़ा हुआ है ।

Pandit Chiranji Lal Sharma ; This is with respect to a particular road It has not come to my notice. **I** am not in a position to give any positive reply.

चौधरी मेहर चन्द : स्पीकर साहब, मेरे हल्के में यूक ही सैन्ट्रल रोड़ है, खाराखेडी से भट्टू । क्या मंत्री महोदय यह बताने का कष्ट करेंगे कि जब उस रोड पर जगह–जगह पर मैटीरियल पडा हुआ है, उसको फिर भी क्यों नही बनाया जा रहा है? मेरे हल्के के साथ यह डिस्क्रिमिनेशन क्यों किया जा रहा हे?

Pandit Chiranji Lal Sharma : I can say with confidence, nay with a sense of responsibility, that no discrimaination with any constituency is shown by the Government.

चौधरी मनफूल सिंह : जो जिला परिषद् की रोडज हैं, उनको कब तक टेक–ओवर कर लेंगे?

Pandit Chiranji Lal Sharma : Zila Parishad roads, Mr. Speaker, Sir have been taken over by the Government.

श्री हरि सिंह : क्या मंत्री महोदय यह बताने काँ कष्ट करेंगे कि अगर चीफ मिनिस्टर साहब के फाईल पर आर्डर मिल जाएं कि इन सड्कों को कम्प्लीट कर दिया जाए तो उन पर कब तक काम शुरु हो जाएगा?

Pandit Chiranji Lal Sharma : I have already stated, Sir, Government would certainly give priority to the commitments made by the hon. Chief Minister. But, it all depends upon the availability of funds.

श्री ओम प्रकाश गर्ग : क्या मंत्री महोदय यह बताने का कष्ट करेगे कि सड़कों के बीच में पैचिज रह गए हैं, जिनकी वजह से सड़क बेकार पड़ी है, उनको ठीक कराने पर गौर करेंगे?

Pandit Chiranji Lal Sharma : Certainly. Sir.

चौधरी शिव राम वर्मा : क्या मंत्री जी बताएंगे कि जो सड़कें बन चुकी हैं वहां पर टारिंग नहीं हुई है, वहां पर रोडी कूटी जा चुकी हैं, जैसे नीलोखेडी व्लाक में ऐसी कई सउके हैं, और वे डेढ़–डेढ़ साल भर से पड़ी हुई हैं, क्या उनको बनाने में पहले प्रायरिटी देंगे?

Pandit Chiranji Lal Sharma : Sir, top priority will be given to the tarring work. Consolidation work and construction work will start in July and August onwards. Tarring work is in progress.

श्रीमती लेखवती जैन : जैसा कि मत्री महोदय ने बताया है कि जिला परिषद की रोडज को गवर्नमैंट ने टेकओवर कर लिया है तो मुस्तफाबाद रोड़ पर मलबा भी पड़ा हुआ है, उसकी मुरम्मत की निहायत जरूरत है क्या उसको ठीक करने की जल्दी से जल्दी अफसरों को हिदायत करेंगे?

मुख्य मन्त्री (चौधरी बंसी लाल) : मुरम्मत कर दी तो फिर पुलिस एक्सैस का जिक्र आ जाता है । (हंसी)

पंडित चिरजी लाल शर्मा : स्पीकर साहब, करैन्ट ईयर में तो सड़कों की रिपेयर ही करनी है । नई सड़के नहीं बनानी हैं । मिनीमम नीड प्रो 'गम के तहत करीबन 15 लाख रुपया मिला है, नई सड़क बनाने' का तो सवाल ही नही है ।

Shrimati Lekhwat Jain : Thank you,

चौधरी मनफूल सिंहः क्या मन्त्री महोदय यह बताने का कष्ट करेंगे कि अगर जिला परिषद की रोडज को गर्नवमैंट ने टेक ओवर कर लिया है तो झज्जर से छूछकवास का तीन–चार मील का टुकडा है उसको कब तक बना दिया जाएगा?

पंडित चिरंजी लाल शर्मा : जो सड़के अधूरी पड़ी हैं, वहा पर न सोलिग हुई, न स्टोन पड़ा है उनको अभी पूरा करने का कोई सवाल ही नहीं है क्योंकि फन्दज की कमी है ।

श्री अमर सिंह : क्या मन्त्री महोदय यह बताने का कप्ट करेंगे जो मैनटींनैन्स डिपार्टमैंट में फोर्थ कलास एम्पलायज लगे हुए थे उन बहुत सारो को रिर्टेरच कर दिया गया हैं, क्या यह हकीकत है?

पंडित चिरंजी लाल शर्मा : मेरे नोटिस में ऐसी कोई चीज नहीं आई, बल्कि हमारी सरकार ने for the first time in the history of P.W.D. जो वर्कचार्ज पी. डब्ल्यू. डी डिपार्टमैंट में काम करते थे और जिनकी सर्विस पांच साल की थी उन सब को

रिकार्ड देखने के बाद रेगुलर कर दिया गया है । किसी को भी रिटैंरच नहीं किया गया है ।

Pandit Chiranji Lal Sharma : I have already given the replies as a matter of policy.

चौधरी राम प्रशाद : क्या मन्त्री महोदय यह बतायेने कि बावल से झाझवा सडक का 7 मील का टुकड़ा तैयार हो चुका है, उसके साथ का एक मील का टुछडा कच्चा है, न बस जा सकती है, न टैम्पो जा सकती है, क्या सरकार उसको बनाने की कृपा करेगी?

Pandit Chiranji Lal Sharma : I would look into it and if the work is held up simply because of a bridge or a culvert, **I** will certainly look into it.

श्री ओम प्रकाश गर्ग : स्पीकर साहब, मेरे हल्के में बवानी खेडा से लूखी की एक सड़क है, उस सड़क को बने कई साल हो चुके हैं, लेकिन लिंडे का पुल न बनने से तमाम सड़क बेकार पड़ी है, क्या उसको जल्दी से जल्दी बनाने का ख्याल करेंगे?

चौधरी पीर चन्द : क्या मन्त्री महोदय यह बताएंगे कि जिन सड़कों से मैटिरियल उठाया गया है या उठाने लग रहे हैं, क्या उन सडकों को भी दोवारा मैटीरियल डालकर इसी साल में बनवाया जाएगा ?

पंडित चिरंजी लाल शर्मा : मेरे नोटिस में यह बात नहीं है कि मैटीरियल एक सड़क से उठाकर किसी और सड़क पर लगाया जा रहा है ।

श्री गौरी शंकर : क्या मंत्री महोदय यह बताएंगे कि जो नरवाना से टोहाना सड़क मंजूर हुई हुई है, उसमें से 15–– 1 6 मील बन चुकी' है, 3 क्लिोमीटर बाकी है, उसको जल्दी से पूरा करने की कोशिश की जाएगी ताकि हमे जो आने–जाने के लिए 15– 20 मील का चक्कर लगाकर जाना पड़ता है, वह चक्कर बच सके?

Pandit Chiranji Lal Sharma : Priority will be given to this.

चौधरी फूल चन्द (मुलाना) : स्पीकर साहब, मिनिस्टर साहब ने पूछा है कि किन– किन सड्कों से मैटीरियल उठा है । क्या मंत्री महोदय बताएंगे कि तहसील अम्बाला ने अभोआ छप्पर रोड से एक मीरन तक का मैटीरियल क्यों उठा है? दुलाना विलेज की लिंक रोड़ से और घनौरा विलेज की लिंक रोड से मैटीरियल क्यों उठा है?

पंडित चिरंजी लाल शर्मा : मेरी नौलेज मेंकोई ऐसी जगह नहीं है जहां से मैटीरियल उठाया गया हो ।

Mr. Speaker : There have been sufficient number of supplementaries on this question. Next question now, Shri Siri Kishan Dass.

Share of Beas Water

***912. Shri Siri Kishan Dass** Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state—

(a) the share of the State in Beas water ; and

(b) the time by which the Sutlej Beas Link is likely to be completed ?

सिंचाई तथा बिजली राज्य मन्त्री (सरदार हरमोहिन्द्र सिंह चट्ठा) : स्पीकर साहब, इस सवाल का जवाब सवाल नम्जूर, 847 के जवाब में पहले आ चुका है और इस का भी सारा वही जवाब है ।

चौधरी मेहर चन्द : वैसे तो इस बारे में जवाब आ चुका है, लेकिन मैं एक सवाल जरूर पूछना चाहूंगा । क्या मंत्री महोदय यह फरमाएंगे कि पंजाब का यह जो स्टैण्ड है कि हरियाणा इस पानी में सिर्फ 9 लाख एकड फीट का हकदार है, क्या यह जस्टीफाईड है? अगर जस्टीफाईड नही है तो क्या इस बारे में रौशनी डालेंगे कि उसके ग्राऊंडज क्या हैं?

मुख्य मन्त्री (चौधरी बंसी लाल) : स्पीकर साहब, यह केस गवर्नमैंट आफ इंडिया के पास अन्डर कन्सीड्रेशन है । अगर हम इसको यहां डिस्कस न करें तो ज्यादा अच्छा है ।

चौधरी चांद राम : स्पीकर साहब, जो बांध है वह वहां पर तो मुकम्मल होने जा जा रहा है लेकिन क्या उस पानी को

वहां से हरियाणा में लाने के लिए कोई लिंक चौनल बनाने के लिए सरकार ने प्रबन्ध किए है?

Mr. Speaker : It does not arise out of this question.

चौधरी चांद राम : इसका जवाब कहां से मिलेगा.

Mr. Speaker Separate notice may be given.

The Question Hour is over.

अतारांकित प्रश्न एवं उत्तर

Loans for the Purchase of Tractors

308. Shri Amar Singh : Will the Minister for Social Welfare and Taxation be pleased to state —

(a) the total amount given by the Haryana Kalyan Nigam to the Harijans for the purchase of the Tractors in Hissar District from the date of its constitution to-date ;

(b) the names and addresses of such loanees of Hissar District alongwith the total acreage of agriculture land owned by each of them ;

(c) the number and names of the loanees who actually purchased the Tractors after obtaining the loans from the Harijan Kalyan Nigam as referred to in part (a) above ; and

(d) the total amount of loans so far recovered from the loanees as referred to in part (a) above alongwith the list of defaulters, if any ?

Social Welfare and Taxation Minister (Shri Shyam Chand) :

(a) Rs. 3,96,000.00

(b&c) A statement is attached at Annxure 'A';

(d) (i) Rs. 1,39,522.26

(ii) All the loanees shown at Annexure 'A' are defaulters.

ANNEXURE 'A'

List of loanees of Hissar District showing their names and addresses to whom the tractor loans have been advanced by the Haryana Harijan Kalyan Nigam Limited

Sr. No.	Name	Parentage	Village	Land owned by the loanee	Whether the loanee has purchased the Tractor or not ?
	Sarvshri—	Sarvshri-			
	Chander Bhan	Gobind Ram	Behalpur		The letter of delivery
	Hari Singh	Devi Chand	-do-		of the tractor by the Firm to the loanees
	Dhani Ram	Devi Chand	-do-		togetherwith the

	Ram Singh	Asha Ram	Bhadon Pati		tractor engine and chasls No. or the
	Fateh Chand	Nanda Ram	-do-		certificate of regis-
	Ram Sarup	Bhupa Ram	-do-		tration of the tractor is available on
	Munshi Ram	Gulab Singh	Dhaka Basti		record in the first
	Atma Ram	Devi Chand	Behalpur		21 cases which shows that the
	Mool Chand	Lachman Dass	Dhaka Basti		tractor was actually
	Ram Asra	Lachman Dass	-do-		purchased by them. This information in
	Pohala Ram	Udha Ram	Bhadon Pati		respect of the last
	Singha Ram	Sant Ram	Behalpur		mentioned (Sr. No. 22) case is not
	Ram Singh	Kalu Ram	Dhaka Bast!		readily available.
	Hans Raj	Kharaiti Lal	-do-		
	Mam Chand	Mehar Chand	-do-		
	Tara Chand	Amar Nath	-do-		

	Daulat Ram	Devi Chand	Bhadon Pati		
	Pyare Lal	Chanda Ram	Dhaka Basti		
	Hari Ram	Sant Ram	-do-		
	Asha Ram	Mehar Chand	Bhadon Pati		
	Siri Ram	Kalu Ram	Hissar		
	Dassa	Nand Lal	-do-		
	Jogi Ram	Bhagwan **a**	-do-		
	Darshan	Suraj Bhan	-do-		
	Sheo Ram	Kesha Ram	Thakar Basti		
	Khajan Singh	Mcgha Ram	-do-		
	Amin Lal	Maru Ram	Fatehabad		
	Bhagi Ram	Maru Ram	-do-		
	Parbhati Ram	Chuni Ram	Fatehabad		
	Phool Chand	Maru Ram	-do-		
	Dhana Ram	Megha Ram	-do-		
	Pokhar Ram	Maru Ram	-do-		
	Mangtu	Mehga Ram	-do-		

	Duni Chand	Ghasi Ram	-do-		
	Ladhu Ram	Ram u Ram	Bhodian Khera		
	Sheo Chand	Deva Ram	-do-		
	Ram Kumar	Kheta Ram	Chinder Teh.		Has been shown to
	Kansi Ram	Rati Ram	Fathehabad		be cultivating 17½ Acres on Batai
			-do-		Has been shown to be cultivating 6 acres as self owned land.
	Brij Lal	Dewana Ram	Bhodian Khera		Has been shown to be cultivating
					8 Acres on Batai.
	Jai Mal	Mam Raj	-do-		Has been shown to be cultivating
					7 acres on Batai.
	Mansa Ram	Basti Ram	Bhodian Teh.		Has becn shown to cultivating 2 Acres
	Mehar Chand	Nand Ram	Fatehabad		on Batai.

					Has been shown to be cultivating 4 acres on Batia.
	Pat Ram	Ram Dayal	Shekhpura		
	Inder	Sukher Chand	-do-		

चौधरी राम लाल वधवा : स्पीकर साहब, मैंने कल एक एडजर्नमैंट मोशन दिया था, मोहसन साहब की स्टेटमैंट के बारे में

Mr. Speaker : You must have received the reply.

चौधरी राम लाल वधवा : मेरी एक सबमिशन है । अभी मुझे कागज मिला है कि मेरा वह एडजर्नमैंट मोशन तो डिस–अलाउ हो गया है । उसके साथ ही मैंने एक काल अटैन्शन नोटिस दे दिया था, अगर सरकार इस पर बहस ठीक नही समझती तो कम से कम काल अटैन्शन नोटिस के जवाब में स्थिति तो स्पष्ट कर दे ।

Mr. Speaker : The reply to the Call Attention Motion has also been sent.

चौधरी राम लाल वधवा : स्पीकर साहब, मेरी रिक्वैस्ट यह है कि यह एक ऐसा सीरियस मामला है कि इसमें सारे हरियाणा के लोगों के जजबात का सवाल है । इसलिए कम से कम सदन को तो इस तारे में विश्वास में लिया जाना चाहिए ।

श्री अध्यक्ष : अगर और कुछ डिस्कस करना चाहें तो मेरे चौम्बर में डिस्कस कर लें ।

चौधरी चांद राम : कल भी आपने कहा था कि जो दूसरी मोशन है उसको एग्जामिन कर लेगे । कोई मौका तो ऐसा हो जिस पर गवर्नमैंट यह जाहिर करे कि हम गवर्नमैंट आफ इंडिया से अबोहर फाजिल्का लेने के लिए यह कदम उठा रहे हैं क्योकि अबोहर फाजिल्का वाले इल्जाम लगा रह है कि हमारे साथ सलूक अच्छा नहीं होता । इसलिए हमें हरियाणा के साथ मिलाया जाए । यह चीज सारे हरियाणा से ताल्लुक रखती है, किसी पार्टी का सवाल नहीं है ।

Mr. Speaker : I have examined all the motions in their context and decided accordingly.

चौधरी चांद रामः वह तो ठीक है, लेकिन– गवर्नमैट को यह प्रेरणा कर ही सकते है कि यह अपना स्टैण्ड क्लीयर करें ।

Mr. Speaker : No further discussion please.

चौधरी राम लाल वधवाः ठीक है जी फिर । अगर सरकार जवाव नही देना चाहती तो इनकी मर्जी ।

कार्य मंत्रणा समिति का द्वितीय प्रतिवेदन

Mr. Speaker : I have to report the time table fixed by the Business Advi;ory Committee in regard to various business :—

The Committee, after some discussion, recommended that the Business on the 12th and 15th July, 1974, be transacted as follows :-

12th July, 1974

I. Questions Hour.

II. Second Report of the Business Advisory Committee.

III. Legislative Business

1. The Haryana Appropriation (No.3) Bill, 1974, in respect of the Supplementary Estimates (Ist Instalment) 1974-75.

2. The Haryana Appropriation (No. 4) Bill, 1974, in respect of the Excess Demands over Grants for the year 196-69.

3. The Haryana Industrial Estates (Development and Regulation) Bill, 1974.

4. The Haryana Anatomy Bill, 1974.

5. The Haryana Corneal Grafting Bill, 1974. 15th July, 1974

I. Questiors Hour.

II. Legislative Business

The Haryana Prohibition of Smoking in Cinema and Theatre Halls Bill, 1974.

2. The Haryana Public Service Commission (Additional Functions) Bill, 1974.

3. The Societies Registration (Haryana Amendment) Bill, 1974." Home Minister (Shri K. L. Poswal) : Sir I beg to move—

That this House agrees with the recommendations contained in the Second Report of the Business Advisory Committee.

Mr. Speaker : Motion moved—

That this House agrees with the recommendations contained in the Second Report of the Business Advisory Committee.

Mr. Speaker : Question is—

That this House agrees with the recommendations contained in the Second Report of the Business Advisory Committee.

The motion was carried.

दी हरियाणा एप्रोप्रिएशन (नं० 3) बिल, 1974

Finance Minister (Shri Ram Saran Chand Mital) : Sir, I beg to introduce the Haryana Approptiation (No. 3) Bill, 1974.

Sir, I also beg to move—

That the Haryana Appropriation (No. 3) Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Haryana Appropriation (No. 3) Bill be taken into consideration at once.

चौधरी राम लाल वधवा (करनाल) : स्पीकर साहब, दी हरियाणा एप्रोप्रिएशन नम्बर 3, बिल, 1 974 सदन के सम्मुख प्रस्तुत है । वैसे तो सप्लीमैंट्री ऐस्टीमेट्स के ऊपर काफी बहस हो चुकी है, लेकिन यह रुपया जिसकी सरकार खर्च करने के लिए मन्जूरी माग रही है, मैं इस पर अपने विचार रखना चाहता हूं । उस समय मुझे कुछ कम समय मिला था, इस वजह से मैं उन डिमान्डज के बारे में कुछ कह नही पाया था, लेकिन अब जो इस एप्रोप्रिएशन बिल की शक्ल में उस रुपए की मन्जूरी सरकार मांग रही है, मैं इस विषय में कुछ कहना चाहूंगा । जो सप्लीमैंट्री डिमांडज थी, उनके अन्दर जो डिमांड नम्बर 10 थी, वह सिवरेज स्कीम के मुताल्लिक थी और उसके लिए और रूपया माना गया था। मैं उस विषय में आपके द्वारा मिनिस्टर साहब से यह कहना चाहता हूं कि जब से नगर– पालिकाएं भंग हुई हैं, तब से जितना काम सीवरेज का होना चाहिए था उतना काम शहरों में हुआ नही है । मैं करनाल के बारे में यह बताना चाहूंगा कि वहा पर जितना सीवरेज का काम किया जा रहा है या अब तक हुआ है, वह केवल माल रोड़ पर या ऐसी–ऐसी जगहों पर हुआ है, जहां पाच–पांच, छः–छरू या दस–दस कोठिया है । इन कोठियों तक ही सिवरेज

की एक लाईन ले जाने के लिए तीन या चार लाख रुपया खर्च हुआ है । अगर उस लाईन को शहर को आबादी वाले एरिया में जो कन्जैस्टड एरिया है, तक ले जाते तो जो गन्दगी है, वह दूर होती और ज्यादा फलश लैट्रीन्ज लगने से ज्यादा सफाई होती । वहां छोटी–छोटी नालियां हैं और वह सारी की सारी शहर के अन्दर हैं, उनकी सफाई के लिए यद्यपि कुछ रूपया खर्च हुआ है, मगर ज्यादा बेहतर होता यदि इस एरिए को प्रोयरिटी दी जाती और यहां सीवरेज लाईन डाली जाती । हमारे सामने जो नया म्युनिसिपल एक्ट आया था, उसके तहत म्युनिसिपल कमेटियों को भंग कर दिया गया और आज कमेटियों को भंग किए हुए एक साल हो गया है, लेकिन वहां की हालत क्या है? वहा पर सरकार पूर्ण रूप से ऐड– मिनिस्टर भी नही लगा पाई है । इसका नतीजा यह हुआ है कि वहां पर एस०डी०एम० या तहसीलदार साहब जो बैठे हुए है, उनको ही कमेटियों का पार्ट टाईम एडमिनिस्टेरटर लगा दिया गया है । इससे यह जाहिर होता है कि ऐसी म्युनिसिपल कमेटियां जिनको सरकार कई बार भंग करती रही, वे हाई कोर्ट से री–डंस्टेट होकर आती रही और सरकार वहां के अपोजीशन के लोगों को उन नगरपालिकाओं से हटा नही सकी, इसके लिए इस दफा म्यु– निसिपल एक्ट के अन्दर यह ले आए कि कमेटी में तीन साल के लिए तो इलैक्टिड मैंबर रहेंगे और तीन साल तक वहां चुनाव न होकर एडमिनिस्टेरटर लगाया जाया करेगा । स्पीकर साहब, ऐसा करना जम्हूरियत के साथ एक बहुत बड़ा मजाक है । आज संविधान के अन्दर फंडामैंटल राईट्स की बजाए

आज भारत सरकार डाय.रैक्टिव प्रिसिपल्ज को ज्यादा महत्व दे रही है । सुप्रीम कोर्ट के अन्दर कई मसले डायरैक्टिव प्रिसिंपलज के बारे गार और उनके लिए कहा गया कि इनका फंडामैंटल राईट्स से ज्यादा महत्व है । आज लोकल बाडीज में टैम्पोरेरी एडमिनिस्टेरटर्ज लगाकर काम मे विकास नही हो रहा । लोकतन्त्र की इस तरीके से हत्या की जा रही है । आज म्युनिसिपल कमेटीज तोड़ी जा रही है, जिला परिषद् तोड रहे हैं, मार्कीट कमेटिया तोड रहे है और उन–कें अन्दर नामीनेशन कर रहे हैं और नोटीफाईड एरिया कमेटीज तोड़ रहे हैं यानि लोकतन्त्र की सही मायनो में जो प्रतीक, लोकतन्त्र की शिक्षा देने वाली हैं, लोगो की छोटी–मोटो समस्याएं जो होती हैं, उनको हल करने वाली जो ये बाडीक हैं, उनकी कठिनाईयों को दूर करने वाले जो अदारे हैं आज सरकार उनको पूर्ण रूप में अपने हाथ में रखकर डिक्टेटरशिप कायम करने जा रही है । स्पीकर साहब, मेरे कहने का मतलब यह है कि जब नगरपालिकाए ये तोड़ रहे हैं तो उनका ठीक ढंग से काम.

श्री अध्यक्ष : यह एप्रोप्रिएशन बिल है इसलिए आप इसी पर बोलें । म्युनिसिपल कमेटीज की बात इसमें कहां से आ गई?

चौधरी राम लाल वधवाः नगरपालिकाओ के लिए इसमें रुपए का प्रोविजन है और मैं उनके काम के बारे में बता रहा हूं ।

मुख्य मन्त्री (चौधरी बंसी लाल) : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, स्पीकर साहब, ये म्युनिसिपल कमेटीज का जिक्र कर रहे हैं कि उनको तोड़ा गया है और टैम्पोरेरी ऐडमिनिस्– ट्रेटर लगा रहे हैं । स्पीकर साहब, करनाल म्युनिसिपल कमेटी की बाबत मैं बताऊं कि इनका करनाल म्युनिसिपल कमेटी पर कब्जा था और जब से यह सुपरसीड हुई है औररू वहां ऐड– मिनिस्ट्रेटर लगाया है जिसके लिरा यह कह रहे हैं टैम्पोरेरी ऐडमिनिस्टेरटर लग रहे हैं, उसी की वजह से 25/3० लाख रुपए साल की इन्कम बड़ी. है । पहले यह उसको खा जाया करते थे ।. (व्यवधान).

Mr. Speaker : It will be better if you confine yourself to policy matters.

चौधरी राम लाल वधवा : स्पीकर साहब, जैसा कि मुख्य नली फरमा रहे थे करनाल के बारे में कि करनाल म्युनिसिपल कमेटी ने उतना काम नही किया जितना कि अब हो रहा छउ, यह गलत हए । खाने की बात की गई । खाया तो अब जा रहा है ।

Mr. Speaker : No specific Municipality can be discussed here.

चौधरी राम लाल वधवा : स्पीकर साहब, इसमें रोडज के बारे में आया है, मैडीकल और पब्लिक हैल्थ की डिमांड है और चीफ मिनिस्टर साहब ने करनाल म्युनिसिपल कमेटी का जिक्र कर दिया है

Mr. Speaker : Please see rule 225, sub rule (4),

which reads-

"4 The debate on an appropriation Bill shall be restricted to matters o public importance or administrative policy implied in the grants covered by the Bill which have not already been raised while the relevant demands for grants were under consideration ...."

चौधरी राम लाल वधवा : स्पीकर साहब, जो आपने पढ़ा है, मैं उसके मुताबिक ही बोल रहा हूं । करनाल के अन्दर सड्कों की आज क्या हालत है, उसी के बारे में बताना चाहता हूं । सरकार ने जी० टी० रोड़ पर जहां मिनिस्टरों की कारें गुजरती है, वही काम किया है, नगर के अन्दर काम नहीं किया है । शहर के अन्दर डिप्टी कमिश्नर की कोठी से लेकर ऐडमिनिस्ट्रेटर की कोठी तक ही काम हुआ है । करनाल म्युनिसिपल कमेटी ने जो कुछ काम किया था, अब देखा जात् कि एक साल के अन्दर अब उसकी क्या हालत हो गई है । चीफ मिनिस्टर साहब कहते है कि वहां बहुत काम किया गया है । अगर सरकार वहां एक इनक्वायरी कमेटी बिठा दे, यह देखने के लिए कि किस के समय में काम ज्यादा हुआ है और कौन खा गया है

Chaudhri Bansi Lal : The Hon. Member is again referring to **the** Municipal Committee, Karnal from which they have derived so many types of benefits. Now he is angry because that income has been taken away by the Government to public exchequer;

Mr. Speaker : I have already ruled that the Hon.

Member can discuss matters of public policy and not individual cases. (Interruptions) You can discuss matters of all Municipal Committees collectively and not individually.

चौधरी राम लाल वधवा : स्पीकर साहब, डिपार्टमैंट की जो अन्डरलाईंग पालिसी है, वही तो डिस्कस कर रहा हूं ।

वित्त मन्त्री (श्री राम सरन चन्द मित्तल) : स्पीकर साहब, अगर डिमाड नम्बर 10 को पूरी तरह पढ़ते हैं तो इसमें कोई ऐडीशनल ऐक्सपैंडीचर नही है । इसमें क्लासि– फिकेशन चेंज हो जाने की वजह से एक आईटम से दूसरे आईटम में पैसा लाया गया है । लैजिस्लेचर से कोई नया रुपया नही लिया जा रहा है । इसमें लिखा है–

"Since it is a revenue expenditure, it is now propsed to make the provision under the revenue major head "282-Public Health, Sanitation and Water-supply" with a view to correcting the classification. Hence the Supplementary Demand.

The provision made for these grants under the Capital Major Head "482-Capital Outlay on Public Health, Sanitation and Water-Supply" will not be utilised and as such there will be no additional burden on the State Exchequer on acccunt to the change in the classification, ..."

चौधरी बंसी लाल : करनाल कमेटी को पांच–चार साल तक लूट कर खा गए अब वह टूट गई तो दुःख हो रहा है ।

Mr. Speaker : There is no question of personal

explanation . (Interruptions). ... Please continue.

चौधरी राम लाल वधवा : इतने साल तक रहा अगर लूट कर खाया होता तो सरकार छोड़ती नही । (हंसी) मैं चार साल तक रहा अगर खाया होता तो सरकार बखशती नही । स्पीकर साहब, ये पर्सनल इल्जाम लगा रहे है कि लूट कर जा गए इसके बारे में मैं पर्सनल ऐक्सप्लेनेशन देना चाहता हूं । खाते स्वयं हैं, कहते दूसरों को है ।

Chaudhri Bansi Lal : On a point of order, Sir. This thing was discussed at length a day back on the Demands' day. Can it be repeated again and again ? Can there be repetition of all those things ?

Mr. Speaker : No repetition of arguments already advanced .

चौधरी राम लाल वधवा : स्पीकर साहब, इसमें 14 नम्बर डिमांड के अन्दर यूक करोड़ 3 लाख 67 हजार रुपए इसैटिव टू फार्मर्ज अन्डर व्हीट प्रोक्योरमैट स्कीम के तहत मांगा गया है । मुझे हैरानी होती है कि सारा साल गुजर गया लेकिन सरकार ने उसका प्रयोग नही किया ।

चौधरी राम लाल वधवा: आज ऐसा लगता है कि चीफ मिनिस्टर साहब, हाउस को जल्दी खत्म कसने के मूड में हैं (हसी) ।

चौधरी बंसी लाल : स्पीकर साहब, आपकी इनफर्मेशन के लिए एक खबर दूं कि कि जब यह साहब म्युनिसिपल कमेटी में थे तो करनाल म्युनिसिपल कमेटी की आमदनी 45 लाख रुपए साल की थी और आज करनाल म्युनिसिपल कमेटी की आमदनी 85 लाख रुपए सालाना है । इनको ..... आनी चाहिए ।

चौधरी राम लाल वधवा : स्पीकर साहब, यह जो लफ्ज है, यह अनपार्लियामैंट्री है, यह ऐक्सपंज होना चाहिए ।

Mr. Speaker : We should speak in good taste .... (Interruptions)

चौधरी राम लाल वधवा : स्पीकर साहब, मैं तो अब दूसरे आईटम पर जा रहा हूं । लफ्ज को तो ऐक्सपंज करा दीजिए ।

Mr. Speaker : You should not discuss individual cases. (Noise and Interruption) No discussion of individual cases and no repetition of the arguments already advanced, please.

सिंचाई तथा बिजली मन्त्री (श्री बनारसी दास गुप्त) : यह तो आप रोज इस्तेमाल करते हैं । आप कहते हैं कि इनको ऐं? कं आनी चाहिए ।

चौधरी बंसी लाल : हम तो बड़ी साफ बात कहते हैं । करनाल म्युनिसिपल कमेटी की इनकम 45 लाख से 85 लाख हो गई यह कैसे हो गई (व्यवधान)

चौधरी राम लाल वधवा: तो स्पीकर साहब, यह समझा जाए कि ऐं' शब्द पार्लियामैंट्री है, तब ठीक है । तो स्पीकर साहब, मेरा कहना का भाव तो केवल इतना ही था कि यह जो खाद के भाव आगे से डबल हो गए है, उसको ध्यान में रखते हुए सरकार को यह चाहिए कि वे किसानों को सस्ते भाव पर खाद दें । इसके बाद मैं इंडस्ट्रीज के बारे में कुछ कहना चाहता हूं, डिमांड नम्बर 10 इससे सम्बन्धित है । इस बारे में मेरा केवलइतना ही कहना है कि सरकार ने बहुत सुविधाएं इंडस्ट्रीज डिपार्टमैंट को दे रखी हैं । लोगों को कर्जा देते हैं, रॉ–मैटीरियल सप्लाई करने के लिए कार्पोरेशन्ज बना रखी हैं, सेल्ज टैक्स के अन्डर लोन देते हैं, इस प्रकार और बहुत सी बातें हैं, लेकिन सबसे बड़ी इस डिपार्ट– मैट की बात जो है जिस पर विचार किया करते हैं कि उद्योग को बढ़ावा मिलना चाहिए, इसके साथ–साथ उन्हें यह भी तो देखना चाहिए कि जिस विकास के लिए लोगों को कर्जा रॉ–मैटीरियल या अन्य सुविधाएं सरकार की तरफ से दी जाती हैं, क्या उनका सदुपयोग भी हो रहा है कि नहीं, जो विकास होना चाहिए, क्या वह हो रहा है कि नही, लेकिन इंडस्ट्रीज डिपार्टमैंट का इस तरफ कोई ध्यान नही है, वह उसी पुराने ढर्रे पर ही चल रहा है । अगर पुराने सारे केसिज निकाल कर आप देखें तो आपको इसके बारे सब कुछ पता चल जाएगा । अगर किसी को एक या दो साल पहले सरकार की तरफ से कुछ दिया गया है, उसका कुछ पता ही नही चलेगा अगर प्लाट दें तो बाद में उस भूमि पर प्लाट ही नही मिलेगा, तो इसके लिए सरकार को इस इंडस्ट्रीज डिपार्टमैंट को

परा ढंग में बदलना चाहिए । जैसे कल मुख्य मंत्री महोदय ने ऐग्रीकल्चर के बारे में एक कमेटी बनाई थी, तो उसी सिलसिले में मैं आपके द्वारा मु हय मली महोदय व मन्त्री महोदय से अपील करूंगा कि हरियाणा सरकार इस इडस्ट्रीज के बारे मैं जो कि ऐग्रीकल्चर के साथ हरियाणा के विकास के लिए बहुत जरूरी है एक कमेटी बनाए जो कि इस सारे डिपार्टमैंट के काम को ऐग्जामिन– करे और ईस प्रकार के साधन, तौर तरीके और सुझाव दे जिससे कि इंडस्ट्रीज पनप सकती हों, और सरकार ने जो सुविधाएं दी हैं, उनका ठीक उपयोग हो और जल्दी परिणाम हमारे सामने आ सकें, हम यह चाहते है । केवल यहां पर भाषण दे देने से, खाली नोटिफिकेशन कर देने से स्पीकर साहब यह काम होने वाला नही है ।

इसके साथ–साथ स्पीकर साहब, मैं आगे डिमांड नम्बर, 25 आईटम नंबर 2 पेज 19 पर, जो कि हरियाणा टूरिजम के बारे में है, उसके बारे में मैं कहना चाहूंगा । स्पीकर साहब, आज–पल संकट के जमाने में, जबकि आर्थिक उन्नति के लिए, विकास के कामों के लिए, हमारे पास पैसे की कमी है, जब सड्कों के बारे में पूछा जाता है तो कहते हैं रुपया नही है, दूसरी' और बातों के लिए कहा जाता है तो एक ही बात कही जाती है कि हमारे पास रुपया नही, चाहे शिक्षा का हो, चाहे ऐग्रीकल्चर का हो, चाहे सड्कों का हो, तो ऐसी हालत में टूरिजम पर यूंही रुपया बर्बाद करना स्पीकर साहब, जबकि हमारे देश के ऊपर आर्थिक संकट है,

उचित बात प्रतीत नही होती । स्पीकर साहब, एक गरीब आदमी को इन स्थानों पर जाने की उस वक्त फुरसत मिल सकती कूँ, जब उस बेचारे के पेट में रोटी पहुंच जाए । जो स्पाट्स हैं, सिवाए इसके कि मत्रियों की कारें, बड़े–बडे उद्योगपतियों की कारें वहां से गुजरती हैं, और कोई गरीब आदमी वहीं जा ही नहीं सकता । ऐसी जगहों पर तो अमीर आदमी ही जा सकते है, गरीबों के लिए वहा पर कोई जगह ––ही है । स्पीकर साहब, मैं आपके द्वारा सरकार को एक छोटा सा सुझाव देना चाहता हूं कि सरकार इस बात पर जरूर गौर करे कि जहा पर कोई लेक्स या कोई और लोगों की सैर के लिए दूसरे स्पाट्स हों, वहां उनके साथ–साथ गरीब आदमियों के लिए भी छोटे–छोटे हटस बनाए जाएं, ताकि गरीब आदमी भी, जब उसको फुर्सत भि–लें, वह भी वहा जाकर रह सके । स्पीकर साहब, वहां पर रोज के कम–रों का किराया इतना ज्यादा है कोई लगभग 35 और 55 रुपए, जिन में कि सिवाए अमीर आदमियों के और कोई आदमी नही रह सकता, दो, तीन, चार, सौ की तो बात ही छोड़िए, 1000 हजार रुपए कमाने वाला आदमी भी इतने पैसे रोज के देकर नही रह सकता । इसलिए मेरा सुझाव है कि वहाँ पर उनके साथ–साथ छोटे–छोटे से हट्स गरीब आदमियों के –रहने के लिए अवश्य बनाए जाएं, जिससे कि थोड़ी. आमदनी वाले लोग वहां जा सकें और जहां इट्स हो, वहां पर लोग 5 रुपए योमिया पर रह सकें । इस के साथ–साथ स्पीकर साहब, जहा पर बडे–बड़े रैस्टोरां हैं, वहां पर भी बूयस भी बनाए जाएं, जहां पर कि आम लोगों को सस्ती चीजें

मिल सकें । स्पींकर साहब, अगर वहां पर चाय वगैरह पीए तो उसके साथ जरूर कुछ न कुछ खाना पड़ता है, पर यह साधारण आदमी के लिए बड़ा मुश्किल है । वहां पर सस्ती चीजों के लिए बूथं बनने चाहिएं । तब तो उसका लाभ हो सकता है जबकि एक आदमी. के लिए कोई इस तरी–कें की राहत मिल सके । वैसे तो हमारे देश के अन्दर बड़े–बड़े मेले लगते हैं, जैसा वैसाखी का मेला होता है, वहां हजारों लोग जाते है । स्पाट्स पर भी. लोग इकंट्ठे होकर बैठते हैं, तो मैं समझता हूं कि वहां इसके साथ लोगों के बैठने के लिए विस्तृत पार्कस भी अवश्य होने चाहिएं ।

Chaudhri Bansi Lal : On a point of order, Sir. He is repeating whatever he has said from the beginning to this time. He is repeating time and again the same thing.

Mr. Speaker : I have said 'no repetition',

चौधरी राम लाल वधवा : स्पीकर साहब, यह तो पालिसी मैटर है । कार्पोरेशन पर अगर आप कहते हैं कि मैं नही बोल सकता तो मैं बैठ जाता हूं सरकार मुझे लिख कर भाषण दे दिया करे तो मैं सदन को पढ़कर सुना दिया करुगा –– (विध्न) ––यह इतने घबरा क्यों रहे है?

Mr. Speaker : You are discussing details.

चौधरी बंसी लाल : स्पीकर साहब, यह तो यह चाहता है कि करनाल की लेक पर इसको मुफ्त रोटी मिल जाया करे । (हंसी)

चौधरी राम लाल वधवा : मुक्त रोटी तो मंत्रियों को मिलती है– (हसी) – । इसके बाद स्पीकर साहब, मैं अब ट्रासपोर्ट के बारे में कुछ कहना चाहूंगा । (शोर)

Mr. Speaker : Please try to wind up and speak within scope... (Interruption). There are five Bills and time at our disposal is two hours and ten minutes only. Now, there will be a time limit of ten minutes for every hon'ble member to speak.

चौधरी राम लाल वधवा : स्पीकर साहब, मैं ज्यादा टाईम नही लूंगा । घड़ी के मुताबिक केवल 2 मिनट ही लुंगा । जहा तक ट्रांसपोर्ट का सवाल है, उसके बारे में ये तस्लीम कर चुके हैं, कि बसों में ओवरलोडिग होती है जिसकी वजह से लोगों को बड़ी दिक्कत होती है, मैं आपके द्वारा सरकार को इस बारे में एक सुझाव देना चाहता हूं कि बसों के सुधार के लिए यह पालिसी बनाई जाए (विध्न)

श्री अमर सिंह : स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है, कि अपोजीशन में जन– संघ के दो मैंबर हैं, विशाल हरियाणा के 3 मैंबर हैं और दूसरी अलग–अलग पार्टियों के भी मैंबर हैं । आप ऐसे करें कि पार्टी के हिसाब से आप टाईम बांट दें कि इतना–इतना टाईम हर पार्टी को दिया जाएगा, फिर उस टाईम में चाहे उस पार्टी का एक आदमी बोले, चाहे दो बोले । ऐसा न हो कि एक ही पार्टी के आदमी ज्यादा टाईम ले जाए, दूसरी पार्टियों के आदमियों को बोलने का टाईम ही न मिले ।

चौधरी बंसी लालः स्पीकर साहब, टाईम मैंबरों के हिसाब से दिया जाए न कि पार्टी के हिसाब से । यह नहीं होना चाहिए कि एक ही आदमी खड़ा हुआ वही बोलता रहे और किसी को टाईम न मिले । He has taken enough time and he should not be allowed to waste time of the House.....

Mr. Speaker : I have fixed a time-limit of ten minutes for every member.

चौधरी बंसी लाल : स्पीकर साहब, मेरी एक रिक्वैस्ट है किं पार्लियामैंट में भी ऐसी प्रैक्टिस है कि पार्टीज का मैंबरशिप के हिसाब से टाईम फिक्स कर दिया जाता है, उतनी देर में चाहे एक पार्टी का एक मैंबर बोले, चाहें 10 मैम्बर बोलें । That practice should be adopted here. One Member should not waste time of the Hon. House.

Mr. Speaker : If the House agrees, I have no objection.

Chaudhri Bansi Lal : As Leader of the House I submit that the House agrees to it.

Mr. Speaker : If the House agrees, I will allot time according to the strength of each party in the House.

चौधरी बंसी लाल : स्पीकर साहब, इनको वाईड–अप करने के लिए कहते–कहते तो आपको बहुत देर हो गई है इसलिए he should be asked to resume his seat.

Mr. Speaker : I have already asked him.

चौधरी राम लाल वधवा : मैं बन्द हो कर देता हूं आप नाराज क्यों हो रहे हैं । इससे तो न बोलना ही अच्छा है इन्ट्रप्शन्ज में बोलने का कोई लाभ नही है ।

श्री के० एन० गुलाटी (फरीदाबाद) : आनरेबल स्पीकर साहब, मैं 5 मिनट से ज्यादा नही लूंगा । जो बिल हमारे सामने है इसमें तीन नम्बर डिमांड के बारे में कुछ कहना चाहता हूं । मैं मानता हूं कि पुलिस ठीक काम कर रही है । लेकिन जैसे चीफ मिनिस्टर साहब ने कहा कि जहां हम थोड़ी बहुत गल्तियां देखें तो वे सुझाव के रूप में बताई जा सकती हैं । तो में एक वाक्या बताता हूं जो सुनने के काबिल कूँ । पिछले दिनों फरीदाबाद के एक गुंडे ने वहां की एक लड़की पर हाथ डाला और

Mr. Speaker This is a discussion on the appropriation of funds and not the details of every demand.

श्री के० एन० गुलाटी: स्पीकर साहब, मैं सुझाव के रूप में एक दो बातें अर्ज करना चाहता हूं । जैसे कई बार लेबर एजीटेशन्ज हो जाती हैं और फिर कुछ दिन बाद उनको कह दिया जाता है कि आप हड़ताल वापिस ले लो आपकी फलां–फलां मांगें मान ली जाएगी और जो केस पुलिस को दिए हुए है, वे वापिस ले लिए जाएंगे । लेबर उनकी बातों में आ जाती है लेकिन होता क्या है कि बाद में वे केस विद्ड्रा नही किए जाते । तो मैं अर्ज करूंगा कि वे केस विद्ड्रा होने चाहिएं । इसके अलावा मैं कहना चाहता हूं कि चौकियों पर जितने भी केस जाते है, तो कई दफा उनकी

एप्लीकेशन मांग ली जाती हैं तो गुंडे यह समझ लेते हें कि एप्लीकेशन मांग ली गई है और

श्री राम सरन चन्द मित्तल : स्पीकर साहब, यह जो बोल रहे हैं, यह डिमाड नम्बर तीन में नहीं है इसलिए यह लेबर वाली बात कहां तक रैलेवैन्ट है?

Mr. Speaker : Order please. I have already ruled that the hon. Member must speak within the scope of the Bill.

श्री के ० एन ० गुलाटी : तो स्पीकर साहब, इसके बाद मैं डिमांड नम्बर 10 पर आता हूं । मैं चीफ मिनिस्टर साहब का मशकूर हूं कि उन्होंने पानी के बारे में फरीदाबाद में काफी सुधार किया लेकिन सैनीटेशन के मुतल्लिक अभी भी मैं कुछ शिकायत करना चाहता हूं, अभी भी मुझे गिला है । आप कहेंगे कि मच्छरों की बात फिर कर दी । मैं आपको यकीन के साथ कहता हूं कि फरीदाबाद में पहले से भी ज्यादा मच्छर हो गए हैं । पिछले दिनों बाबूगुलाब सिंह जैन जी वहां गए थे आप इनसे पड़ताल कर सकते हैं

श्री अध्यक्ष : आर्डर प्लीक, मच्छरों का यहां कोई सवाल नही है ।

श्री के एन गुलाटी : स्पीकर साहब, मैं सैनीटेशन के बारे में कह रहा हूं कि वह मैंबर साहब इस बात के आई विटनैस हैं आप उनसे पूछ सकते है । मेरा निवेदन है कि वहां पर इन

शिकायतों को दूर करने के लिए प्रौपरली खर्च किया जाए और हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ने कहाभीथा कि दों–तीन साल मेफरीदाबाद अच्छा शहर बन जएगा ।

स्पीकर साहब, इसके बाद मैं डिमाड नम्बर 13 पर बोलना चाहता हूं जो सोशल वैलफेयर डिपार्टमैंट से ताल्लुक रखती है । यह डिपार्टमैंट कुछ ग्रांट्स भो देता है । ये जो ग्रांट्स दी जाती हैं ये मिस यूज होती हैं । अभी पीछे तीन तारीख को एक टूक स्टूडैन्टस का भरकर...

Mr. Speaker : Order please. No individual case, please. I have repeatedly said that. The hon. Member may discuss the policy matters, but should not discuss individual cases.

श्री के० एन गुलाटी : स्पीकर साहब, यह तो एड और ग्रांट की मिसयूक के बारे में है । चलो मैं अगली डिमांड नम्बर 14 के बारे में कुछ कह देता हूं जो कि फूड एण्ड सप्लाई से सम्बन्धित है । इसके बारे में मैं अर्ज करूंगा कि हमारे फरीदाबाद टाउन में गेहूं दूसरी जगहों से दस रुपए मन मंहगा मिलता हे । बल्लभगढू वहां से दो मील है, वहां और फरीदाबाद टाउनशिप में दस रुपए मन का अन्तर है तो इसके बारे में भी सरकार से मेरा निवेदन है कि इस ओर ध्यान दें ।

श्री श्याम चन्द : स्पीकर साहब, यह डिमांड तो बोनस के बारे में हद ।

श्री के० एन० गुलाटी : डिमांड नम्बर 16 इंडस्टरी के बारे में है । हमारी इंडस्टरीज को बिजली कम मिलने की वजह से प्रोडक्शन कम हो रही है, इसलिए सरकार से दरखास्त है कि इस ओर भो ध्यान दे । इसके बाद मैं डिमांड नम्बर 23 पर अर्ज करूंगा जोकि ट्रांस– पोर्ट के बारे में है । मैं चाहता हूं कि फरीदाबाद से गुड़गांव और फरीदाबाद से दिल्ली और फरीदाबाद से चण्डीगढ के लिए सीधी बसों की संख्या बढ़ाई जाए और वहां पर लोकल बसों का भी और इन्तजाम किया जाए । हमारे फरीदाबाद की आज 5 लाख आबादी है. इसलिए मैं मन्त्री महोदय से अर्ज करूंगा वे इस मामले ये भी वहां का ख्याल रखे । स्पीकर साहब, मैं आपका ज्यादा समय न लेते हुए आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया ।

श्री गिरीश चन्द जोशी (यमुनानगर) : अध्यक्ष महोदय, मैं बोलना तो नही चाहता, था, लेकिन कुछ बातें ऐसी कही गई है कि बोलना पड़ा । सब से पहले मैं डिमांड नम्बर 10 पर बोलना चाहता हू जो मैडीकल और पब्लिक हैल्थ के बारे में है । पब्लिक हैल्थ डिपार्ट– मैट जो है, वह म्युनिसिपल कमेटियों का काम, जैसे सैनीटेशन और वाटर सप्लाई है, उनसे पैसे लेकर करता है और म्युनिसिपल कमेटिया अपने फंड टैक्सों से हासिल करती हैं । अभी कहा गया है कि जिस म्युनिसिपल कमेटी में एडमिनिस्ट्रेटर हैं, वहां पर अच्छा काम नहीं होता । इसके बारे में मुझे साफ कहना पड़ेगा, क्योंकि मुझे यमुनानगर का तजुर्बा है । जगाधरी में हमारी

म्युनिसिपल कमेटी के टैक्सों का बड़ा एरियर पड़ा था । वहां पर जब से एडमिनिस्ट्रेटर आया है, काफी माला में लोगों से हाउस टैक्स और दूसरे टैक्सों का एरियर रिकवर किया गया है और वहां की कमेटी मुकम्मल तौर पर लोगों के लिए काम कर रही हे । इसी तरह से सीवरेज स्कीम के बारे में है । आज हरियाणा के आम शहरों में सीवरेज का काम बड़ी तेजी से चल रहा है । अगर इसमें कही दिक्कत है तो वहां है जहां कही ईंटों वाली जमीन आ जाती है । बाकी काम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाती । मेरे मित ने ऐसा कह कर सदन को गुमराह किया कि जब से एडमिनिस्टेरटर लगे हैं आधा काम भी नहीं हो रहा है । मैं कहता हूं कि जब से ये लगे हैं, काम बड़े अच्छे तरीके से हो रहे हैं, क्योंकि एडमिनिस्ट्रेटर पार्टी पोलिटिक्स में नहीं पड़ता । जहां वह जरूरत समझता है, काम करवासकता है । वरना क्या होता हैकिपार्टी वाला जहां चाहता है वहां काम करवा देता है और आम काम की तरफ कोई ध्यान नही दिया जाता । आज एडमिनिस्ट्रेटर आम काम करवाता है उसके सामने किसी पार्टी का ताल्लुक नहीं है । पब्लिक हैल्थ डिपार्टमैंट जो इस समय काम कर रहा है चाहे वह सैनीटेशन का चाहे वाटर सप्लाई का, वह सही है । इसके बाद मैं फूड एंड सप्लाईज पर आता हूं चूंकि इसमें खुली चीज है इसलिए मैं इस पर ज्यादा वला जाया नही करना चाहता हूं अतः मैं डिमांड नम्बर 24 और 25 पर आता हूं जोकि टूरिजम के बारे में है । आप देखें कि हमारे हरियाणा प्रदेश में विकास का चहुमुखी काम हुआ हर तरीके से काम हुआ जैसे बिजली का काम, सड्कों

का काम और पानी का काम यानी हर तरीके से प्रदेश आगे बढ़ा है तो टूरिजम भी इसका अंग है । आज अगर हम दूसरे प्रदेशों का मुकाबला करना चाहते हैं, तो बिना टूरिजम के हम वहू मुकाबला नही कर सकते हैं । अगर बाहर से टूरिस्ट हमारे प्रदेश में आते हैं तो उनको अगर आराम के लिए अच्छी जगह मिल जाती है तो वे कितना खुश होंगे, इसलिए प्रदेश के लिए यह भी तुक जरूरी चीज है । आज अगर हमारा कोई आदमी दिल्ली में रहना चाहे तो उसे वहां जगह नही मिलती और अगर कही मिल भी जाए तो वह कास्टली है । आज सम्मालखा में रह कर आदमी दिल्ली से काम करके आ सकता है । इसी तरह फरीदाबाद ने कमरा लेकर देहली से काम करके वहां आकर ठहर सकता है । तो इससे फायदा हुआ है । हमारी इन सुविधाओं को देखकर जो दूसरे प्रदेशों से लोग आते हैं वह इसकी तारीफ करते है । आज किसी ने अगर काश्मीर को जाना होता है तो वह हमारे प्रदेश से जाएगा और पंजाब से होकर जाएगा । जब काश्मीर जाने वाला हरियाणी से पास होगा और यहां उसको रास्ते में ठहरने के लिए अगर जगह भी न हो तो उसका क्या इम्प्रैशन होगा? इसलिए हरियाणों के टूरिजम के डिपार्टमैंट ने हमारे प्रदेश की शान को बढ़ाया है, घटाया नही है । इसलिए इन अल्फाज के साथ मैं इस एप्रोप्रिएशन बिल की ताईद करता हू ।

11.00 बजे

चौधरी मनफूल सिंह (झज्जर) : स्पीकर साहब इस वक्त एप्रोप्रिएशन बिल जेरे बहस है । इसमें डिमांड नम्बर 14 और 17 जो कि फूड एड सप्लाईज और ऐग्रीकल्चर के बारे में है इन पर मैं बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं । डिमांड नम्बर 14 के तहत जो कि फंड एंड सप्लाईज के नीचे आती हुऐ एक करोड़ तीन लाख और 67 हजार रुपए की मांग को गई है । तो मैं इसके बारे में आपकी मार्फत थोड़ी सी पालिसी मैटर पर सबमिशन्ज करूंगा । स्पीकर साहब आज हमे आजाद हुए 26 साल हो गए हैं लेकिन हमारा अनाज का मसला हल नहीं हो पाया, बावजूद इस बात के कि 80 फीसदी आबादी इस देश की खेती का काम करती है । इसके मुकाबले मैं जो दूसरे मुल्क हैं वह पर 15 या 20 फीसदी से ज्यादा लोग खेती पर काम नहीं करते और वे अनाज बाहर एक्सपोर्ट करते है । यहा पर 80 फीसदी लोग खेती पर काम करते हैं और आजादी के 26 साल बाद भी हालत यह है कि अगर अनाज बाहर से न आयु तो भूखे मर जाएं । इसका कारण क्या है? इस के दो कारण हैं, एक तो यह है कि किसान को आज तक उसकी मर्जी के मुताबिक साधन नही मिले यानी हर किसान को उसके खेत के अन्दर अपनी मर्जी के मुताबिक पानी नही मिला । अगर उनको अपनी मर्जी और जरूरत के मुताबिक पानी मिल जाए और दूसरे उसको उसके गेहूं और अनाज की मुनासिब कीमत मिल जाए तो कोई ऐसी वजह नही कि देश में अनाज की कमी हो सके । यह दो मुख्य कारण हैं जिनकी वजह से अनाज की पैदावार कम होती है । पिछले साल किसान का गेहूं 76 रूपए क्विटल खरीद

किया गया था, उसको देना पड़ा मजबूरी में, लेकिन वही गेहूं बाद में 176 रूपए क्विटल बिका । पिछले साल जब फसल को बिजाई हुई तो किसान को चूकि रेट की अनसर्टनटी थी इसलिए गदम की फसल पिछले साल से इस साल कम पैदा हुई । बाद –में सपोर्टिंग प्राईस सरकार ने फिक्स की लेकिन किसी जगह पर 150 रुपए बिक रही है, और किसी जगह पर 175 रुपए बिक रही है । जो कंजयूमर है वह कहता है कि ट्रेडर बईमान है और ट्रेडर कहता हे कि किसान अपने घर में गदम दबाए बैठा है । इस तरीके से तीनों में एक दूसरे के प्रति अविश– वासा फैला हुआ है और स्पीकर साहब देहली में वही गदम 275 रुपए फी क्विटल है । इसलिए किसान जो हैं इस किस्म की अनसर्टनटी को देखते हुए गदम को दबाने की कोशिश कर रहा हे । तो सरकार की यह जो पौलिसी है कि किसान को यह नही पता लगने देना कि तेरा गेहूं किस रेट से लगेगा, उससे प्रोडक्शन कम होती है । फर्टीलाईजर की कीमत आज दुगुनी हो गई है इसलिए हर किसान गेहूं की बजाए चना या जौ की जिन्स पैंदा करेगा क्योकि अगर उसका गेहूं 120 रूपए क्विटल भी खरीदा जाता है तब भी उसको मुनाफा नहीं होता । इसलिए मैं समझता हूं कि अगले साल इससे भी कम गेहूं पैदा होगी । आज हालत ऐसी हो चुकी है कि कंज्यूमर को इस बात का पता नही कि उसे अनाज मिलेगा कि नही, आम आदमी देहातों में बोरियां लिए फिरते थे ताकि गदम खरोद लें, जिसने न खरीदनी थी उसने भी खरीद की ।

श्री राम सरन चन्द मित्तल : आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर । स्पीकर साहब, यह फिर आउट आफ दी स्कोप जा रहे हैं । Demand No. 17, on page 15, it is written—

"Investment in the Share Capital of Haryana State Seed Corporation".

It has been further stated in the explanation to this Demand that—

"It has been decided to set up Haryana State See d Corporation during the year—....

Chaudhri Manphool Singh : I am speaking on the policy matter .

श्री राम सरन चन्द मित्तल : जो डिमांड है, जो आईटम मांगी हे उसी की पालिसी के बारे में आप बोल सकते हैं, लेकिन सारे डिपार्टमैंट की पालिसी पर नही बोल सकते ।

चौधरी मनफूल सिंह : डिमांड नम्बर 14 फूड एंड न्यूट्रीशन के बारे में है ।

श्री राम सरन चन्द मित्तल : इसमें सिर्फ व्हीट बोनस है ।

चौधरी मनफूल सिंह : स्पीकर साहब, आपकी मार्फत हाउस को बताने का मेरा मतलब यह था कि देश के अन्दर अनाज की कमी क्यों है? इसके दो तीन ही कारण है जो मैंने अर्ज किए हैं । इसके अलावा यह बात भी ठीक हए कि अनाज अगर बहुत

मंहगा हो जाए तो गरीब मुलाजिम, सरकारी कर्मचारी और मजदूर बरदाश्त नहीं कर सकते कि वे 17० या 180 रुपए किवटल गदम खरीदे । इसका एक ही इलाज है कि किसान को तो उस की गदम की ज्यादा से ज्यादा कीमत दी जाए । (विघ्न)..

श्री राम सरन चन्द मित्तल : इसमें सिर्फ व्हीट बोनस का ही जिक्र है ।

चौधरी मनफूल सिंहः आप जरा मुझे अर्ज कर लेने दें । मैं कोई बुरी बात नही कह रहा । तो मैं अर्ज कर रहा था– कि इसका एक ही हल है कि किसान को उस की गदम की पूरी कीमत दी जाए, इसको डिटरमिन करने के लिए एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी से उसकी कीमत निकलवा ली जाए कि लागत कितनी आती है और फिर उस पर मुनाफा रखकर उसको सरकार कीमत अदा करे और उसके बाद जिन लोगों की इनकम कम है उसके लिए आप कोई हद 200 या 300 रुपए की रख लें और उनको सबसीडाईज्ड रेट पर व्हीट दी जाए । जब तक यह दोनों बातें नही होंगी अनाज की कमी पूरी नही हो सकती ।

एक माननीय सदस्य किसान की हालत तो पहले से अच्छी हो गई है।

चौधरी मनफूल सिंह : वह कह रहे हैं कि किसान की हालत पहले से अच्छी हो गई है । यह ठीक है पहले साहूकारों की बही में उनके अंगूठे होते थे और अब सरकारी दफतरों में हैं

। कोई किसान ऐसा नही है जिसने कर्जा न ले रखा हो, किसी के सिर पर ट्रैक्टर का कर्जा है, किसी के सिर पर कोई और कर्जा हे । फर्क अब सिर्फ इतना है कि पहले सरमाए– दारों का कर्जा उन के सिर पर होता था– और आज वे सरकार के कर्जई हैं और स्पीकर साहब प्रैक्टीकली उनकी हालत पहले से भो बदतर है और दिनों दिन किसान की हालत खराब होती जा रही है । जिस गांव में पहले 20 ट्रैक्टर थे, आज वहां पर दस ट्रैक्टर रह गए हैं, और जहां पर 30 थे वहां पर 20 भी नही दिखाई देते । अगर उनकी हालत अच्छी होती तो ट्रैक्टर ज्यादा होने चाहिएं थे लेकिन ऐसा नही है । इसलिए मैं आखिर में फिर गुजारिश करूंगा कि अनाज की कमी को पूरा करने के लिए जो दो तीन बातें मैंने अर्ज की हैं, उनको अमल में लाया जाए ।

श्री राम सरन चन्द मित्तल : इस बारे में रूल 201 क्लीयर है––

"201. The debate on the supplementary grants shall be confined to the items constituting the same and no discussion may be raised on the original grants nor policy underlying them save in so far as it may be necessary to explain or illustrate the particular items under discussion."

यह तो स्कोप से बाहर जाकर डिस्कशन हो रही है । उस दिन सुबह से शाम तक डिस्कशन होती रही और कोई बात छोड़ी नही..

आवाजें : वह तो रिवासा पर होती रही ।

श्री अध्यक्षः मित्तल साहब, इसमें ऐसा है कि एप्रोप्रिएशन बिल में जिन डिमांडज का जिकर है उन पर बहस हो सकती है । यह ठीक है कि ओरिजनल डिमांड पर और उसकी पालिसी मैटर पर डिस्कशन नही हो सकती है लेकिन उस डिमांड में जो आईटम्ज है, उन पर ही डिस्कशन हो सकती है और उन आईटम्ज को एक्सप्लेन करते वक्त अगर जरूरी हो तो पालिसी मैटर को रैफर किया जा सकता है ।

श्री अमर सिंह (बवानी खेड़ा–अनुसूचित जाति) : स्पीकर साहब, आज इस वक्त सदन के सामने हरियाणा एप्रोप्रिएशन (नंबर 3) बिल, 1974 पेश है और उस पर बहस चल रही हए। मैं सदन का उकता टाईम नही लेना चाहता और तीन चार डिमांड्ज, डिमांड नं० 10, 14, 16 और 17 के बारेमें अपने ख्यालात का इजहार करना चाहता हूं । रस्मी तौर पर हर साल हर आटम सैशन में सप्लीमैंट्री डिमांड्ज और फिर उनके बारे में एप्रोप्रिएशन बिल आता है और हमेशा हो बजट पास हो जाने के बाद यह आइंटम्ज सदन के सामने आते हैं । मैं अब पहले डिमांड न० 10 मैडीकल एड पब्लिक हैल्थ के बारे में अर्ज करता हू । इस बारे में कल भी नौन–आफिशियल रैजोल्युशन को डिस्कस करते वक्त काफी कुछ कहा जा चुका हए और बताया जा चुका है कि पीने के पानी की कितनी दिक्कत है । इस बारे में परकार को ऐसी पालिसी अपनानी चाहिए कि थोड़े पैसे वाली छोटी–छोटी

स्कीमें अगर चलाई जाएं, तो ज्यादा फायदा हो सकता है । पांच–सात गांव को यूक स्कीम से पानी मिल सकता है और थोड़े पैसे से लोगों को राहत मिल सकती है । जहां लोगों ने बैनिफिशियरी शेयर दिया हुआ है और सारी फारमैलिटीरह पूरी हो चुकी हैं, लेकिन अगर सीमेंट या दूसरी आर्टीकल्ज न होने की बिना पर वह सारा काम रुक जाए तो ऐसा नही होने देना चाहिए और लोगों को पीने का पानी देना चाहिए । मेरे हल्के में कई गांव है जिन में वाटर पाइप डले हुए हैं । मिसाल के तौर पर नलवा है और वह सात–आठ गांव की स्कीम है । वहां पर पाइप बिछी हुई है और सारी फारमैलिटीज पूरी हो चुकी और अब थोड़े पैसे से वहां. काम पूरा हो सकता है और लोगों को पानी मिल सकता हे । इसी तरह से मंगाली की बात है । वहां पर स्टैण्ड पोस्ट तो बना दिए गए है और सारी फारमैलिटीज पूरी है, लेकिन पता नही टैक क्यों छोटा बनाया गया है और इस वजह से सिर्फ हस्पताल को ही पानी मिलता है और गांव को बहुत कम मिल पाता है । वहां पर अगर थोड़ा सा पैसा खर्च हो जाए तो सारे गाव को पानी मिल सकता है बल्कि चार गांवों को पानी मिल सकता है । इसी तरह से दूसरे गांवों जमालपुर वगैरा है, वहा भी थोड़े पैसे से काम पूरा हो सकता है । फिर मुढाल है, वहा पर पिछले तीन साल से वाटर टैंक बनाया जा रहा है, लेकिन पूरा नही हो पाया है, पता नही, सीमेंट नही मिलता या ईटें नहीं मिलती जो काम मुकम्मल नहीं हुआ और अधूरा पड़ा हुआ है । मेरे कहने का मतलब यह है कि यह जो अधूरी स्कीने पड़ी हुई हैं,

इन को जल्दी पूरा किया जाना चाहिए, क्योंकि उन पर पैसा पहले ही काफी लग चुका है और अब थोड़ा पैसे से काम कम्पलीट हो सकता है । उनके पुरान करने से बहुत नुक्सान हो रहा है, क्योंकि एक तो जो उन पर पहले पैसा खर्च किया हुआ है, वह वेस्ट पडा है, उसका कोई फायदा नहीं हो रहा है, दूसरे ऐसी जो अधूरी स्कीमें पड़ी रहती हैं, उनका जो मैटीरियल पड़ा होता है वह उठता रहता है और लौस होता है. तीसरे लोगों को भो कोई फायदा नही होता उनको तकलीफ होती है । इसलिए मेरी अर्ज है कि थोड़ा पैसा लगाकर ऐसी स्कीमों को जो अधूरी पड़ी हुई हैं, उनको पूरा किया जाए ताकि लोगों को भी फायदा हो और सरकार को नुक्सान भी न हो ।

अब मैं फूड एंड सप्लाईज की डिमांड के बारे में अर्ज करना चाहता हूं । यह ठीक है कि इस बारे में सरकार काफी इनोशिएटिव ले रही है लेकिन मैं समझता हू कि जितनी गड– बड़ फूड एण्ड सप्लाईज डिपार्टमैंट में है, इतनो कही और नही है । यह महकमा निसैसटीज आफ लाईफ डील करता है इसलिए इसका लोगों से ज्यादा और सीधा वास्ता पड़ता है । इसलिए इस महकमा का काम निहायत ही ठीक ढंग से होना चाहिए प्रोक्योरमैंट की जो पालिसी पिछले साल थी, वह तो किसी को शक की बात नहीं, फेल हो चुकी है और वह डिफैक्टिव साबित हुई । इस बारे में अब जो पालिसी बनी है, वह भी कोई सकसैसफुल नहीं है । इस मामला में, मैं तो यह समझता हूं कि या तो बिल्कुल फ्री ट्रेड होनी

चाहिए या फिर इस पर प्राइवेट परचेज पर टोटल बैन होना चाहिए और सिर्फ सरकार ही प्रोक्योर करे, लेकिन यह जो लगडी और अधूरी पालिसी है कि ट्रेडाई आधी गदम जो वह खरीद करें, 105 रुपए क्विटल के भाव से सरकार को दें और बाकी आधी जिस मर्जी भाव पर चाहे 150 रुपए क्विटल पर लोगों को बेचे । इस तरह की जो छूट दी जाती है इससे सारी गड़बड़ होती है । तो मेरे कहने का मतलब है कि या इसमें फ्री ट्रेड की पालिसी अप–नाओ या फिर सारी सरकार खरीद करके कन्जयूमर्ज को दे और बाकी के लिए खरीद पर टोटल बैन हो । इस तरह करने से गड़बड़ नही होगी । इसी तरह से चीनी की बाबत अर्ज करता हूं

Mr. Speaker : This is a grant for wheat bonus only. You should confine yourself to that extent. I will not allow discussion about the whole Department.

श्री अमर सिंह : चलो जी, मैं इसे छोड़ता हूं और अब इंडस्ट्री के बारे में अर्ज करता हूं । यह स्माल स्केल इंडस्ट्रीज के लिए 50 लाख रुपए की ग्रांट है और मुझे इस पर कोई आपत्ति नहीं है, बल्कि मैं तो यह चाहता हूं कि बेशक इस मद में और राशि दे दी जाए, लेकिन काम ऐसा होनी चाहिए जिससे जनता को फायदा हो और लोगों का ध्यान स्माल स्केल इंडस्ट्रीज की तरफ लगाने की जरूरत बुश । इस बात में कमी यही रही है कि लोगों को इंडस्ट्रियल एजुकेशन देने के लिए न कोई सैमीनार होते हैं और न इस बारे में कोई ब्लाक, तहसील और जिला लेवल पर ऐसी तालीम देने के लिए कोई सैन्टर्ज हैं, जहां पर लोगो का

ध्यान इंडस्ट्री की तरफ खीचने के लिए तालीम दी जाए और सैमीनार वगैरा करके लोगों को बताया जाए कि खेती ही सिर्फ जरिया मुआश नही है बल्कि और भी साधन रोटी कमाने के हें । इस वक्त तो गांव के लोग एक ही बात समझते हैं कि खेती ही एक माल साधन रोटी कमाने का है, दूसरा कोई नही । अगर उन को बताया जाए कि जितनी मेहनत से वह खेती का काम करते हैं, अगर उतनी मेहनत स्माल स्केल इंडस्ट्रीज लगाकर करें जैसे ऐग्रीकल्चरल इम्प्लीमैंट्स बनाएं निवार बनाए, और ऐसे दूसरे लघु उद्योग चलाए तो ज्यादा फायदा हो सकता हे तब उनका ध्यान इस तरफ लग सकता है । ऐसा करने से जमीन पर जो इतना बोझ है, वह घट सकता है और लोगों को रोजगार मिल सकता है और गांव की बैलैस्ड तरक्की हो सकती है । इस वक्त तो यह हालत है कि गांव में बहुत बेकारी है । खेती का काम साल में तीन महीने का होता है और बाकी 9 महीने लोग बेकार रहते है, और खास तौर पर जो लैंडलैस लेबर है, मजदूर हैं, उनके पास तो कोई काम ही नही है, बेरोजगार फिरते है । इसलिए अगर लोगों को छोटी दस्तकारी के बारे ब्लाक, तहसील और किला लेवल परएजुकेशन देने के लिए सैटर्ज खोले जाएं और सैमीनार किए जाएं तो लोगों को पता लग जाएगा कि दस्तकारी लगाने से उनको ज्यादा फायदा होगा और बेकारी दूर होगी । देश की तरक्की तभी हो सकती है, अगर गांव की तरक्की हो । गांधी जी कहा करते थे कि देश तो गांव में रहता है और अगर किसी ने हिन्दुस्तान देखना है तो गाव में जाकर देखें, गांधी जी का स्वप्न

तभी पूरा हो सकता है अगर गांव में लघु उद्योग लगें और लोगों को 12 महीने का रोजगार मिले । इसलिए मैं अर्ज करता हूं कि इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन बढ़ाने के लिए सरकार को इस बात की तरफ ध्यान देना चाहिए कि लोग इंडस्ट्रियल माईडिड बनें और जब लोगों का माईंड इस तरफ लग जाएगा तो फिर बेकारी नहीं रहेगी वरना यह बेरोजगारी दूर नही हो सकती । गांव के लोग खेती करने वाले लोग तो साल में 9 महीने बेकार रहते हैं, और लैंड लैस लोगों की तो हालत बहुत बुरी है । (इस समय उपाध्यक्षा पदासीन हुई) अब मैं कैपिटल आउट–लें आन ऐग्रीकल्चर के बारे में जिक्र करना चाहता हू । आज से पांच या दस साल पहले जो किसान खेती करता था वह कुरडी का खाद डालता था लेकिन जमीन में यूरिया खाद नही डालता था । आज अगर टैरक्टर से खेती न करें तो जमीन पैदा– वार नही देती । समय भी कुछ बदल गया है, क्योंकि गर्मी के दिनों में गर्मी नही होती और सर्दी के दिनों में सर्दी नही होती, सारी चीजों में अडल्टेरशन होने लग गई है । जैसा कि गवर्नमैंट ने आन दी फ्लोर आफ दी हाउस बताया है कि खाद का रेट सैन्ट्रल गवर्नमैंट ने 103.85 रुपए कर दिया, मैं अर्ज करना चाहता हूं डिप्टी स्पीकर साहिबा, आपके जरिए कि वह किसान, जिसकी जमीन 10 किल्ले से कम है वह उस खाद के खरीद नहीं सकता । खाद की प्रौब्लम तो हल हो गई, न किसान खरीद सकता है और न ही डाल सकता है । खाद इतनी मंहगी हो गई है कि अगर सरकार इस को सबसिडाइज नही करेगी तो पैदावार बहुत कम हो जाएगी, क्योंकि आज 10 किल्ले

जमीन वाला किसान ही ज्यादा पैदावार करता है, उसके सारे बच्चे, सारा कुनबा खेती के काम में जु टा रहता है । अगर सरकार खेती की पैदावार बढ़ाने के लिए किसान को सस्ती खाद नहीँ दे सकती, पानी नही दे सकती, टयूबवैल नही दे सकती तो कैसे काम चलेगा, कैसे ऐग्रीकल्चर प्रोडक्शन बढ़ेगी? इसलिए 10 एकड़ वाला जो किसान है उसको इंसैन्टिव देना पड़ेगा, खाद को सबसिडाइज करना पडेगा, ताकि वह खरीद सके । अगर सरकार 103.85 रुपए से कम भाव नही कर सकती और किसान इस भाव की खाद खरीद कर डाल नहीं सकता तो रिजल्ट यह होगा कि पैदावार 'निल' होगी । इसलिए छोटे किसानों को इसैन्टिव देना पड़ेगा, सबसिडाइज करना पड़ेगा, ताकि वह दो बोरे खाद के डालकर पैदावार बढ़ा सके । तीसरी बात मैं यह अर्ज करना चाहता हू कि जहां तक को–ऑप्रेटिव डिपार्टमैंट का सवाल है.....

उपाध्यक्षा : आपके दस मिनट हो चुके हैं ।

श्री अमर सिंहः एक दो मिनट और दे दें । जहां तक कों–आप्रेशन का ताल्लुक है, सहकारिता तो बेहतरीन चीज है और है चाहता हूं कि सहकारिता के आधार पर सारा काम होना चाहिए, क्योंकि डैमोक्रेसी में खास तौर पर समाजवाद लाने वाले शासन में सहकारिता की अति आवश्यकता है, लेकिन को–ऑप्रेटिव सोसायटियों का जो हमारा प्रोसैस है, वह सारे देश के अन्दर फैल हुआ है । हरियाणा में यह काफी कामयाबी के साथ चल रही हे, क्योंकि यहां को–आप्रेटिव सोसायटियां बहुत है, और सरकार ने

इनको बहुत पैसा दिया है, ग्रांट मिलती है और दूसरी फैसेलिटीज मिलती है, लेकिन इस पैसे का दुरुपयोग होता है । जो आदमी एक दफा को–आप्रेटिव सोसायटी का शासक बन बैठे जिसके हाथ में मैनेजमैंट आ जाता है, वह फिर किसी दूसरे को आने नही देता । जो सैक्रेटरी है, वह सैक्रेटरी रहेगा, जो प्रेजीडैन्ट है, वह प्रेकीडैन्ट रहेगा, और वे सारा पैसा अपने रिश्तेदारों को या दो–चार आदमियों के झूठे–अंगूठे लगवा कर दे देते हैं । क्रडिट शिफ्ट सोसायटी अच्छी थी, फायदे– मंद थी, लेकिन आज उसमें इस प्रकार की कमी है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरा निवेदन यह है कि सरकार इस ओर ध्यान दे और यह जो सहकारिता की स्कीम है, इसका जो सिस्टम है, इसको ठीक किया जाए और सहकारिता के ढंग से काम चलाया जाए । इन शब्दों के साथ मैं खत्म करता हू ।

चौधरी प्रताप सिंह दौलता (बेरी) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, चूंकि सिर्फ पालिसी मैटर्ज तक कन्फाईन करना है और बातें यह हैं, इसलिए में एक एक मिनट में ही एक–एक बात अर्ज करना चाहता हूं । बात थी सीवरेज की परन्तु सीवरेज से निकल करके राम लाल जीने म्युनिसिपल कमेटी तक पहुंचा दी और म्युनिसिपल कमेटी से अगले प्वांयट पर पहुंचा दी, कि शहर का काम म्युनिसिपल कमेटी जब इलैक्टिड हो, तब अच्छा या जब एडमिनिस्टेरटर हो, तब अच्छा । रैलेवैन्सी तो इस बात की थी नहीं, पर आ गई, इसलिए हमे कहना पड़ता है कि तजुर्बा से

साबित हुआ कि म्युनिसपल कमेटीज जहां–जहां टूटी, एडमिनिस्टेरटर जहां, जहां लगे वहां काम बैटर हुआ बनिस्बत इलैक्टिड म्युनिसिपल कमेटीज के । इसी तरह से गांवों में देखा गया कि पंचायत में सिवाए झगडने के, एक दूसरे के खिलाफ नो काफिन्डैंस मोशन लाने के और श्री श्याम चन्द जी की कोठी को घेरने के जो सैक्टर दो में है और मैंने देखी है, और कोई काम नहीं होता । – (व्यवधान) – सिवाए इसके कि किसी की टांग खैचें, एक दूसरे की टांग खैचें, वहा और कुछ नही होता, यह मानना पड़ेगा कि लोकल बॉडीज में जो डैमोक्रेसी का इनका जो रोल है, वह फेल हुआ है । (विध्न–). टूटेगी अगर यही रहा कि बेटा मुकद्दमे में हैं और बहू उसकी भाग गई, तो उस हालत ने क्या यह असैम्बलिया रखी जाएंगी? अगर यही स्टैण्डर्ड रहा तो हुनको कल कौन रखेगा? यह नेशन देख रही है इस वेस्टेज को । तो मेरी अर्ज यह है कि जहाँ डैमोक्रेसी नही है, जिनकी वे– ओफ लाईफ डैमोक्रेसी के लायक नही है, वह डैमोक्रेसी पर दावा नही कर सकते, वहां डैमो– क्रेसी ज्यादा दिन नहीं चल सकती, लोकल डैमोक्रेसी बिल्कुल फेल्योर है ।

अगली बात मैं अर्ज करना चाहता हफूड के बारे में । फाईनैस मिनिस्टर साहब नोट कर लें और प्लानिंग वाले भी नोट कर ले और सैन्टर तक पहुंचा दें । मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि अगली बार गेहूं नहीं होगा जब तक फारमर्ज को प्रोपर इन्सैन्टिव नहीं देंगे । एक 'गवारा' है उस में न तो खाद डालना

पड़ता है, न पानी डालना पड़ता है, न उस पर कोई मेहनत करनी पड़ती है, बीज फैंका और फसल काट लाओ । अगर वह गेहूं के दुगने भाव बिके तो किसान की अकल मारी गई है कि वह गेहूं बोएगा और मुसीबत मोल लेगा । कभी प्रोक्योरमैंट करने वाला तहसीलदार उसके दरवाजे पर खड़ा है, तो कभी. थानेदार दो डंडे लिए दरवाजे पर खड़ा है, यह भी कोई पालिसी है? This is a failure, lapse of policy altogether so far as wheat production is concerned.

अगर इन्सैटिव देना चाहते है किसान को तो उस पर टैक्स लगाइए छुट्टी का । मैं तो टैक्स के बारे में बिल्कूल क्लीयर हूं । लेकिन जो दाना वह पैदा करता है उसे पैसे लेने दीजिए छुट्टी के पैसे इसी तरह लेने दीजिए जिस तरह से सीमेट वाले नोट खडुखडू कर लेते हैं । जब उसको 40 रुपए में बैग मिलती है, लोहे वाले घडघड के लेते हैं, ए क लोहे के लिए मंडी में जो उसकी खराब मिट्टी होती है, और उसको चीजें नही भि–लती, तो कौन सा मौरल है कि उसकी पैदावार की प्राईस फिक्सड हो? फूड प्राईस के. बारे एज ए होल सोचना पड़ेगा कि प्रोड्यूसर को उसकी प्रोडक्शन फ्री मार्केट में बेचने की इजाजत है या नहीं, वरना गेहूं पैदा नहीं होगा । मैं फूड ऐंड सप्लाई के बारे में इतना अर्ज करना चाहता हू । डिप्टी स्पीकर महोदया, मैं एक महीने तक रोहतक रहा । मेरा यह तजुर्बा है कि गवर्नमैंट को बहुत देर नहीं लगेगी, अमर यह सोशलिजम और यह डैमोक्रेसी जिन्दा रखनी है तो टेरडर को एलिमिनेट करना पड़ेगा । तजुर्बे केतौर पर आप लोग ओं ने

सीमेंट डी–कंट्रोल किया । वह ठीक बात थी, क्योंकि लोग कहते थे कि साहब सीमेंट डी–कंट्रोल करो, क्योंकि सीमेंट कंट्रोल के वक्त गायब हो जाती है । डी–कंट्रोल के वक्त वह गायब ही नहीं हुई, कमाल हुआ है कि सीमेंट जैसी चीज जो बिकती हे उस में भी मिट्टी और मिलाई गई । वह 30/3० और 40/40 रुपए बैग बेची गई । इसलिए गवर्नमैंट को सूनर और लेटर यह पालिसी बनानी ही पडेगी कि जिस चीज की गवर्नमैंट प्राईस मुकर्रर करती है या जिस चीज का वह कंट्रोल करती है उसकी डिस्ट्रिब्यूशन गवर्नमैंट को बतौर पालिसी मैटर लेनी ही पड़ेगी । अपना स्टाफ इनक्रीज करो या कुछ करो, इस ट्रेडर के भरोसे आप इसको नहीं छोड़ सकते । यहां कोई चीज भी विदाउट अडल्ट्रेशन नही मिल सकती । यह है मेरी अर्ज सिविल सप्लाई डिपार्टमैंट के बारे मे ।. (विघ्न).

चौधरी चांद राम जैन : साहब आ गए हए

चौधरी प्रताप सिंह दौलता : डिप्टी स्पीकर साहिबा, न तो जैन साहब किसी की स्पीच में कोई इरेंलेवैन्ट बात करते हैं, न मैं करता हू । मेरी समझ मे नही आती कि चौधरी चांद राम जैसा आदमी ऐसी बात करे कि जैन साहब आ गए है, इसमें ऐसी. क्या बात थी? यह कोई प्वांयट आउट करने की बात है? क्या यह तरीका है? आराम से गुलाब सिंह जैन सुनता है, आरान से मैं सुनता हूं । आदत है जी वकीलों को कि हम अपना आर्गु– मैट या तो बिल्ड करते हैं या खत्म कर देते है । अगर मेरे भाई सुनने के

लिए तैयार न हों तो मैं खत्म कर देता हूं । वरना मैं आपकी प्रोटेक्शन चाहूंगा कि कम–कम से हमें कोई डिस्टर्ब न करे । हम दो आदमी ऐसे हैं कि किसी के बीच में नहीं बोलते । हम भी यही एक्सपैक्ट करते हैं आनरेबल मैम्बर से ।

तीसरी चीज जो मैं अर्ज कर रहा था, डिप्टी स्पीकर साहिबा, वह टूरिजम के बारे में है । इस में मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि हमारी गवर्नमैंट की टूरिजम के बारे में जितनी साउंड पालिसी है इतनी शायद ही किसी और गवर्नमैंट की है । चौधरी राम लाल जो को मैं यह दाद देता हूं कि वे बडे तैयार हो कर आते हैं और ऐसे मैंबर हाउस में न हो तो मुश्किल है, ऐसे लापरवाह मैंबर भो यहां है, जो 'हा' भर लेते हैं फौरन ही । उन्हें यह मालूम नही कि रैजोल्यूशन हां का है या मुखालफत का है । मैं चौधरी राम लाल जी की इज्जत करता हूं बड़ी प्रेपरेशन से आते है मगर जब मैं उनकी दलील काटता हूं तो वे यह न समझें कि राम लाल जी के लिए मेरे मन में उन के काम की कोई रिस्पैक्ट नहीं है । मैं चौधरी राम लाल जी से अर्ज करूंगा कि ट्रिजम के बारे में उन का जो ख्याल है, वह बिल्कुल गलत है । टूरिजम का डिपार्टमैंट हरियाणा के लोगों के लिए नही है । टूरि जम डिपार्टमैंट बाहर के लोगों के लिए होता है कि वे लोग आएं और जाए । इसके दो ऑब्जैक्टिवज है, पालिसी मैटर के । नम्बर वन, जो बाहर के आदमी हैं, काश्मीर जा रहे हैं शिमला जा रहे हैं, हम रास्ते में है, उन लोगों को हमारी स्टेट के बारे में क्या

इम्प्रैशन हो । टूरिस्ट डिपार्टमैंट तो एक रैस्ट–विंडो है । अमीर लोग ही जाएंगे टूरिजम के लिए । ऐसे वक्त में कोई मिडल क्लास का, पिजैन्टरी क्लास का या वों–मिडल–क्लास का आदमी तो तभी जोएगा, जब उसे गवर्नमैंड स्पाँसर्ड बसें वगैरा ले जाएंगी । जब एक अमीर आदमी बम्बे से शिमला के लिए चलता है, अगर उसे 65 रुपए में एयर कडीशंड कमरा करनाल में मिल जाए तो उसके लिए भी ब्लैसिंग है और स्टेट के लिए भी ब्लैसिंग है, इसमें क्या एतराज की बात है? इसमें सोशलिजम की क्या बात है? बहुत सी चीजें गरीब आदमी के लिए नही हैं, इस भगवान ने अगर कोई है तो नही बनाई । टूरिजम गरीब आदमियों के लिए नही हए, यह रिच्च आदमियों के लिए है । हर चीज में गरीब आदमी को तलाश करना बड़ी भारी भूल है । टूरिजम डिपार्टमैंट ने सड्कों पर जितने बोर्ड लगाए हैं. वे

उपाध्यक्षा : आप भी बोल लेना पर एक वक्त में एक ही तो बोल पाएगा।

चौधरी चांद राम : वह तो मैं समझता हूं और समझ के बैठ जाता हू, परन्तु मुझे अभी तक तो टाईम मिला नही ।

उपाध्यक्षाः सभी को टाईम मिलेगा, आप चिन्ता न करें । चौधरी पीर चन्द जी आप कृपया दो मिनट के लिए बोल लें ।

चौधरी पीर चन्द (बरवाला–अनुसूचित जाति) : उपाध्यक्ष महोदया, आज हमारे सामने यहां जो खर्चे का जिक्र आया

है, यह बहुत ही. अच्छी बात है । स्टेट में जब खर्चा होगा तभी तो हकूमत चल पाएगी और स्टेट में विकास होगा । मैं समझता हू कि इस बिल में जो खर्चा पब्लिक हैल्थ के लिए मांगा गया है, यह कुछ और कुछ जयादा बड़ा दिया जाए, लेकिन हुसकी सहूलियत उन लोगों के लिए ही न हो जो बहुत बड़े धनाढय लोग हों, और धन दौलत के मालिक हों । यह नही होना चाहिए कि इन लोगों की सहूलियत के लिए तो लाखों करोड़ों रुपया खर्चा जाए, लेकिन उन बस्तियों में जहां हरिजन रहते हों, जहां बैक– वर्ड क्लास के लोग रहते हों, जहा छोटे आदमी रहते हों, वहा एक पाई भी खर्च न की जाए । इसके लिए सरकार को पहले उन लोगों के लिए सुविधा देनी चाहिए जहां आबादी ज्यादा होती है । आबादी ज्यादा, डिप्टी स्पीकर साहिबा, गरीब बस्तियों में ही हौती हैं क्योंकि बदकिस्मती से इन लोगों के बच्चे भी ज्यादा होते है । इन बस्तियों में सफाई भी कम रहती है । इसलिए मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि सफाई पर पैसा, सीवरेज के लिए पैसा, पानी पर पैसा, यह वहां पहले खर्चे जहां आबादी ज्यादा हो और गरीब लोग आबाद हों ।.. (विध्न)..

गृह मन्त्री (श्री के ० एल० पोसवाल) : फैमिली प्लानिंग पर अमल कर ज्यों ।

चौधरी पीर चन्द : फैमिली प्लानिंग तो पहले ही होती है । पकड़–पकड़ कर यह कह कर कि तुम्हें कर्जा दें रहे हैंय ले

जाते हैं, और बाद में फैमिली प्लानिंग का आप्रेशन कर हैं ।.. (विध्न)..

उपाध्यक्षा : अब आप जल्दी खत्म करे, आपका टाईम हो गया है ।

चौधरी पीर चन्दः डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपका ज्यादा वक्त न लेते हुए, क्योंकि टाईम थोड़ी दिया गया है, फूड एंड सप्लाईज डिपार्टमैंट की तर फ आता हूं । हमारे मिनिस्टर साहब यहा बैठे ह्यु हैं । इनका ध्यान मैं एक बात की तरफ दिलाना चाहता हुं । इन्होने इस डिपार्टमैंट के लिए जो डिमांड की है, वह शायद ठीक ही की है और हमे विश्वास है कि हमारी बात परवे अमल भी करेंगे । मैं आपके द्वारा, डिप्टी स्पीकर साहिबा, इनसे यह निवेदन करना चाहता हू कि आज के इस मंहगाई के जमाने में, इस अखरा– जात के जमाने में, एक गरीब आदमी के लिए अनाज लेना बड़ा मुश्किल हो रहा है । इन बड़े आदमियों को, मिनिस्टर लोगों को तो शायद इस बात का पता नही होगा. लेकिन मुझे पता है, क्योंकि मैं उन बस्तियों में रहता हूं, उन गरीब आदमियों में मेरा जाना है, जिन्हें कई–कई दफा एक वक्त का खाना भी मुय्यसर नहीं होता । हमारे चौधरी दौलता साहब ने फरमाया है कि कीमत अनाज की कम है । अगर यह कीमत इसी तरह बढ्ती रही जैसा कि 76 रुपए से एकदम 150 पहुंच चुकी है, और आगे आने बाते समय में और ज्यादा बढ़ेगी, तो हो सकता है कि गरीब आदमी का जीना मुश्किल हो जाए और सरकार को

फैमिली प्लानिंग करने की जरूरत ही न पड़े 'क्योंकि वे अपने आप भूख से ही मर जाएंगे । मेरा सरकार से निवेदन है कि गरीब लोगों के लिए, हरिजनों के लिए, बैकवर्ड क्लासिज के लोगों के लिए और तीन सौ रुपए से कम जिनकी पे है, उन लोगों के लिए अलग से डिपो खोले जाएं या इनके लिए कोई ग्रांट की शक्ल में यह रियायत कर दी जाए कि कनक बजाय 105 रुपए के 80 या 60 रुपए क्विटल के हिसाब से दी जाए ताकि ये लोग अपना गुजारा कर सकें । डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज हमारे हरियाणा के अन्दर जो मजदूर लोग हैं, उनके लिए भी कोई मजदूरी नही है । आज वे सब लोग बेकार हैं । डिप्टी स्पीकर साहिबा, वह वक्त मेरा देखा हुआ है कि अंग्रेजों के टाईम में जब भीकोई देश पर मुसीबत आती थी, तो चाहे वे कही से भी मंहगा अनाज लाते, मगर हिन्दुस्तान में या हरियाणा के अन्दर गरीब लोगों के लिए कन्सैशनल रेट्स के अलग से डिपो खोलते थे और सस्ता अन्दाज उनकी जान बचाने के लिए बड़ी अच्छी तरह से सप्लाई करते थे । वे पशुओं के लिए चारा भी देते थे । दोनों ही चीजें देकर वे जनता की सेवा करते थे । आज तो हम आजाद हैं और इस आजाद देश के अन्दर सरकार हमारी अपनी है । इसलिए मुझे इस सरकार से उम्मीद है कि यह हमारे लिए, गरीब और मजदूर किसान के लिए, बैकवर्ड क्लासिज के लोगों के लिए और जिनकी पे कम है, उनके लिए, जितनी भी ज्यादा से ज्यादा रियायतें हो सकेंगी देगी । इन शब्दों के साथ, डिप्टी स्पीकर साहिबा, मै आपका बहुत–बहुत धन्यवाद करता हूं ।

चौधरी चांद राम (बबैन अनुसूचित जाति) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपका मश्कूर हू, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया । इससे पहले कि मैं कुछ बातें एप्रोप्रिएशन बिल पर कहूं, मैं चेयर से कुछ बातों के बारे में प्रार्थना जरूर करना चाहता हूं । हाउस में कुछ प्रैसीडैन्ट्स होते हैं, कुछ कनवैनशन्ज होती हैं । हाउस में जो बड़ा ग्रुप हो, रिकग्नाईजड ग्रुप हो, पहले उसको बोलने का मौका मिलना चाहिए, । मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि जब कोई बड़ा मैंबर, मिनिस्टर या मुख्यमंत्री बोलें, या कोई छोटे मैंबर बोले वह रूल्ज के मुताबिक बोले । मेरे सामने स्पीच है, जिस दिन चीफ मिनिस्टर साहब बोले थे.. (विघ्न)।

चौधरी चांद राम : मैं इसी पर ही बोल रहा हूं, अगर आप मुझे बोलने देंगी तो ही बोलूगा (विघ्न और शोर) मैं तो आप पर ही छोड़ रहा हूं, मैं तो सिर्फ आप का ध्यान दिला रहा हूं । जिस दिन डिमांडज का दिन था, उस दिन हमारे मुख्य मैतो साहब को साढ़े तीन घंटे के करीब समय दिया । अगर मैं पिछले दिन का जिक्र न करूं.. (विघ्न . शोर)..

Deputy Speaker : You leave that thing to the Chair.... You should speak on the Bill.

उपाध्यक्षा : आप किसी और चीज पर न बोलें, केवल बिल पर ही बोलें.. (विघ्न).. ।

सिंचाई एवं बिजली मंत्री (श्री बनारसी दास गुप्त) : आन ए प्वायंट आफ आर्डर डिप्टी स्पीकर साहिबा, जिस

एप्रोप्रिएशन बिल पर डिस्कशन चल रहा है, उसमें चीफ मिनिस्टर साहब के नाम की कोई ऐसी डिमांड नही है, जिस पर सदन में चर्चा हो ।.. (विध्न. शोर)..

Deputy Speaker : Even if you were to give personal explanation you cannot do so after one day. (Noise) It is my ruling that if you want to speak you can speak on the Appropriation Bill. You cannot speak on any other matter. If you want to raise any other issue, you can only raise it at proper time but not now.

चौधरी चांद राम : डिप्टी स्पीकर साहिबा, पीछे जो तकरीर हाउस में चीफ मिनिस्टर साहब की हुई (विध्न)

Deputy Speaker : Please continue your speech on the Appropriation Bill otherwise you cannot speak.

चौधरी चांद राम : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैने कहा कि इस हाउस में जो एप्रोप्रिएशन बिल हमारे सामने है, उस दिन डिमांडज पर इस हाउस में कुछ तकरीरें हुई । मैं उनका हवाला दिए बगैर आगे कुछ कह सकता हूं । अगर आपकी यह रूलिंग है ? (विघ्न)..

श्री बनारसी दास गुप्त : डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह कौन. सी डिमांड है, जिस पर ये बोल रहे है । (विघ्न)

चौधरी चांद राम : डिप्टी स्पीकर साहिबा, उन सारी डिमांडज का एप्रोप्रिएशन बिल है, कोई पार्टीकुलर डिमांड तो है नहीं । (विध्न).

श्री बनारसी दास गुप्त : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरा यह सजैशन है कि जो डिमांडज एप्रोप्रिएशन बिल के अन्दर हैं, उन ही डिमांडज पर बोल सकते हैं । एप्रोप्रिएशन बिल के अन्दर जो डिमांड्ज शामिल ही नहीं हैं, उन पर कैसे बोल सकते हैं? (विघ्न).. हर वक्त रिवासा काण्ड की रट लगा रखी है (विघ्न)

चौधरी चांद राम : आपको यह पता ही नही है किं मैं कौन–सी डिमांड पर बोल रहा हूं. (विघ्न)

Deputy Speaker : I have already given my ruling that you can speak on the Appropriation Bill and not on any other thing.

चौधरी चांद राम : डिप्टी स्पीकर साहिबा मैंने अभी कुछ नही कहा । मैं किसी डिमांड पर बोला नहीं (विघ्न)

(इस समय अध्यक्ष महोदय पदासीन हुए)

Mr. Speaker : No reference to earlier discussion.

चौधरी चांद राम : स्पीकर साहब, उस दिन जो डिमांडज पास हो गई, उनका यह विनियोग बिल हमारे सामने है । जो डिमांड्ज उस दिन पास हुई.. (विध्न)

Mr. Speaker : You cannot repeat the discussion nor

can you repeat the arguments of the earlier discussion.

चौधरी चांद राम : स्पीकर साहब, उस दिन जो डिमांड्ज पास हुई, उनका तो यहां जिक्र होना ही है । आर्गुमैंट्स की मैंने कौन सी बात कही है । जो तकरीर उस दिन हुई, और जो डिमांड्ज पास हुई उन्ही के बारे में कह रहा हूं –– (विध्न) ––

Mr. Speaker : Please speak on the Appropriation Bill which is at present before the Assembly. (Interruptions).

चौधरी चांद रामः वही मैं कह रहा हूं, मैंने और क्या कहा है? जो इस्तेमाल करने वाली मशीनरी है, उस इस्तेमाल करने वाली मशीनरी के बारे में मैं कहूंगा या नहीं.. (विध्न).

Mr. Speaker : No repetition of earlier discussion.

चौधरी चांद राम : आप रोक दीजिए, मैं नही बोलूंगा । मैं बैठ जाता हूं।

वित्त मन्त्री (श्री राम सरन चन्द मित्तल) : अध्यक्ष महोदय, आज जो बिल सदन के सामने है, उस पर कुछ माननीय सदस्यों ने नुक्ताचीनी की है ।. (विध्न).

मुख्य मन्त्री (चौधरी बंसी लाल): स्पीकर साहब, इनको पहली घर वाली का तो पता नहीं है कि कैसे मरी है? (चौधरी चांद राम की ओर इशारा करते हुए) यह आदमी तो ऐसा है कि इसको पता नहीं है कि इसके घर वाली कैसे मरी? (विध्न)

Mr. Speaker : No interruptions please ..

श्री राम सरन चन्द मित्तल : स्पीकर साहब, अगर सप्लीमैंट्री डिमांडज का प्रीफेस ही पढ़ लेते तो शायद इतना कहने–सुनने की जरूरत न पड़ती । इसमें ज्यादातर रुपया वह है, जो एक हैड से दूसरे हैड में ट्रांसफर किया गया है, क्लासिफिकेशन की तबदीली की वजह से । यह गवर्नमैंट के रूल्ज के मुताबिक जो स्टेट कनटीन्जैसी फंड से रुपया लिया गया है, उसको री–कूप करने की वजह से सप्लीमैंट्री डिमांडज लाई गई हैं । नैट एडीशनल डिमांड्ज 1 करोड़ 41 लाख रुपए की है और टोटल एडीशनल डिमांडज 21 करोड 60 लाख रुपए की थी, जिसमें से 20 करोड़ 19 लाख रुपया हमारे पास आ जाएगा ।

एक–एक आईटम का जहां तक सम्बन्ध है, उसके बारे में मुझे यह प्रसन्नता है कि कुछ माननीय सदस्यों ने जहां नुक्ताचीनी की है, वहां उन्ही की तरफ से कुछ सदस्यों ने जवाब भी दे दिया है । जिस टूरिजम के बारे में इतना रुपया खर्च किया जा रहा है, उसके बारे में चौधरी प्रताप सिंह दौलता जी ने बतलाया है कि यह टूरिस्टस के लिए है । हर प्रदेश के अन्दर टूरिस्ट डिपार्टमैंट इसलिए काम करता है कि वहां पर दूसरे प्रदेशों के लोग आवें और प्रदेश को देखें ताकि उस प्रदेश का इमेज बने और साथ ही कमर्शियल टाईप भी है । इसके अन्दर कमर्शियल स्प्रिट भी है, इससे प्रांत को मुनाफा पहुंचता है । स्विटजरलैडं एक छोटा सा मुल्क है, वह बड़ा रिच है, वहां का एडमिनिस्ट्रशन बड़ा

छोटा है, लेकिन वहां पर सारी दुनियां भर के लोग जाते हैं, क्योंकि वहां टूरिस्ट्स के लिए बड़ी अच्छी जगहें हैं । इस प्रकार से स्विटजरलैड को टूरिस्ट इंडस्ट्री से बड़ी आमदन है । इसी प्रकार से हमारे यहां काश्मीर में भी लोग जाते हैं । मैं एक प्रदेश में गया वहां के टूरिजम के मिनिस्टर से मेरो बातचीत हुई और उन्होंने मुझे खाने पर भी इन्वाईट किया और हमारी आपस में बातें हुई । उन्होंने हमारे टूरिस्ट स्पॉट्स की बड़ी तारीफ की । मैंने उनको भी इनवाईट किया और उनको कहा कि आप आए, आपको दिखाएंगे । राजस्थान में कुछ वो ०आई० पीज० मिले, उन्होंने कहा कि आपका धारूहेडा का टूरिस्ट स्पाट जो है, वह बड़ी अच्छी जगह है, जो जयपुर से इधर है । उन्होंने कहा कि हरियाणा के टूरिस्ट हाउसिज में ठहरने का, खाने का बड़ा अच्छा इंतजाम है । टूरिजम डिपार्टमैंट बड़ा जरूरी है लेकिन अपने प्रांत की पिक्चर बनाने के लिए भी यह जरूरी है ।

अब मैं एग्रीकल्चर और फूड ऐंड सप्लाईज डिपार्टमैंटस के बारे कुछ चर्चा करना चाहता हूं । मैंबर साहबान ने अपने–अपने वियूज ऐक्सप्रैस किए, बड़े लम्बे चौडे वियूज हैं, लेकिन इस बिल पर डिस्कशन का बडा लिमिटिड स्कोप है । किसानों को जो ह्वीट बोनस देना है, उसके बारे में' स्कीमें बनाई जा रही हैं । इसमें कोई झगड़े की बात नहीं है । उसी तरह से इंडस्ट्री का हे । उसने जितनी सैन्ट्रल गवर्नमैंट की स्कीमज है, उनके बारे बैंक–वर्ड एरियाज के बारे में 10 परसैन्ट या 1 5 परसैन्ट जो भी' है,

वह गवर्नमैंट ऑफ इंडिया सब–सिडी देगी ताकि वहां इंडस्ट्रीलाईजेशन का काम तेजी से हो । सप्लीबेंट्री ऐस्टीमेट्स में तमाम डिमांडज का खुलासा दिया हुआ है, और मैं समझता हूं कि सदन का ज्यादा समय नही लेना चाहिए । मैं निवेदन करूंगा कि यह एप्रोप्रिएशन बिल पास कर दिया जाए ।

Mr. Speaker : Question is—

That the Haryana Appropriation (No.3) Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker : The Bill will now be taken up for consideration Clause by Clause.

Clauses 2 & 3

Mr. Speaker ; Question is—

That clauses 2 and 3 stand part of the Bill.

The motion was carried

Schedule

Mr. Speaker ; Question is-

That Schedule be the Schedule of the Bill.

The motion was carried

Clause 1

Mr. Speaker ; Question is—

That clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried

Enacting Formula

Mr. Speaker ;Question is—

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried

Title

Mr. Speaker : Question is—

That Title be the title of the Bill.

The motion was carried

दी हरियाणा एप्रोप्रिएशन (नं 4) बिल, 1974

Fanance Minister (Shri Ram Saran Chand Mital) ; Sir, **I** beg to move—

That the Haryana Appropriation (No.3) Bill be passed.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Haryana Appropriation (No. 3) Bill be passed.

Mr. Speaker ; Question is—

That the Haryana Apporpriation (No. 3)Bill be

passed.

The motion was carried

Finance Minister (Shri Ram Saran Chand Mital) : Sir, I beg to introduce the Haryana Appropriat ion (No. 4) Bill, 1974.

Sir, **I** also move—

That the Haryana Appropriation (No. 4) Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Haryana Appropriation (No.4) Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker : Question is -

That the Haryana Appropriation (No. 4) Bill be taken into consideration at once

The motion was carried.

Mr. Speaker : Now the House will take up the Bill clause by clause.

Clauses 2 and 3

Mr. Speaker : Question is -

that Clauses 2 and 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

SCHEDULE

Mr. Speaker : Question is—

That Schedule be the Schedule of the Bill.

The motion vas carried.

Clause 1.

Mr. Speaker : Question is—

That Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Mr. Speaker : Question is—

That enacting formula be the enacting formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Mr. Speaker : Question i s—

That title be the title of the Bill.

The motion was carried.

Finance Minister (Shri Ram Saran Chand Mital) : Sir, I beg to move—

That the Haryana Appropriation (No. 4) Bill be passed.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Haryana Appropriation (No. 4) Bill be passed.

Mr. Speaker : Question is—

That the Haryana Appropriation (No. 4) Bill be passed.

The motion was carried.

दी हरियाणा इण्डस्ट्रीयल एस्टेटस (डिवैल्पमैंट एंड रैगुलेशन) बिल, 1974

Industries Minister (Shri Harpal Singh) : Sir, **I** beg to introduce the Haryana Industrial Estates (Development and Regulation) Bill, 1974.

Chaudhri Ram Lai Wadhwa : On a point Order, Sir; Mr. Speaker Sir, Rule 12 (1) of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Haryana Vidhan Sabha reads

"125 (1) A Bill involving expenditure shall be accompanied by a financial memorandum which shall invite particular attention to the clauses involving expenditure and shall also give an estimate of the recurring and non-recurring expenditure involved in case the Bill is passod into law.

इसमें दो चीजें हैं । एक तो यह है ———

" shall invite particular attention to the olauses involving expenditure.',

दूसरी यह है कि –

give an estimate of the recurring and non-recurring expenditure involved "

यह जो फाइनेंशियल मैमोरैंडम इस बिल के साथ है, इस फाईनेंशियल मैमोरैडम में यह लिखा है : ––

"Since it cannot be anticipated as to when and up to what extent the land will be acquired, it cannot be said what would be the extent of recurring or non-recurring expenditure involved. The State Government will have to bear the expenditure as and when the land will be acquired. However , the expenditure incurred will be realised back on the sale of plots and no extra financial liability is expected as a--result of this Bill."

स्पीकर साहब, जो रूल 125 मैंने पढ़ा है, इसके मुताबिक यह बिल– डिफैक्टिव है और सदन में प्रस्तुत नहीं हो सकता क्योंकिं अगर इस तरह से होने लगा फिर तो कोई भी बिल आ जाएगा, और उसमें ये लिख देंगे कि इस वक्त हमारा कोई भी ऐस्टीमेट नही है और कोई भी आमदनी या खर्चा इसमें जमा हो जाएगा । इसलिए मेरी प्रार्थना यह है कि रूल 125 को देखते हुए जोकि मैनडेटरी है, इस बिल को डिसअलाऊ किया जाए ।

Mr. Speaker : The objection raised by the Hon. Member should have been raised before the introduction of the Bill and even if he has raised this objection after introduction, the Rule requires

चौधरी राम लाल वधवा: स्पीकर साहब, आपने तो अभी मोशन मूव ही नही क्रिया है । उन्होंने अभी इन्ट्रोडयूस किया और मैं खड़ा हो गया हू । उनके इन्ट्रोडयूस करने से पहले तो मैं अपना आब्जैक्शन रेज ही नही कर सकता था । जब तक वह बिल इन्ट्रीडियूस नही करेंगे तब तक मैं कैसे ऑब्जैक्ट कर सकता हूं?

Mr. Speaker : The Bill has been introduced and now the motion will be for the consideration of the Bill.

Chaudhri Ram Lal Wadhwa : When the Hon. Minister for Industries introduced the Bill, **I** raised point of order just after that.

Mr. Speaker : The objection should have been raised before that.

चौधरी राम लाल वधवा : स्पीकर साहब, मैं तभी तो इसको डिस–अलाउ करने के लिए रिक्वैस्ट कर सकता हूं जब यह बिल इन्ट्रोडयूस हो जाए ।

Mr. Speaker : All right. Rule 125 requires the financial Memorandum and the financial Memorandum is there. The objection is over-ruled.

Shri Harpal Singh : Sir, **I** beg to move—

That the Haryana Industrial Estates (Development and Regulation) Bill, be taken into consideration at once

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Haryana Industrial Estates (Development

and Regulation) Bill, be taken into consideration at once.

Mr. Speaker : Question is —

That the Haryana Indus trial Estates (Development and Regulation) Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker. : The Bill will now be taken into consideration clause by clause.

Sub-Clause (2) of Clause 1

Mr. Speaker : Question is—

That Sub-Clause (2) of Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Mr. Speaker : I am putting all the Clauses together, If any hon. Member wants to speak on any Clause, he may tell me, when I mention the number of that Clause.

Clauses 2 to 21.

Mr. Speaker : Question is—

That Clauses 2 to 21 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Sub-Clause (1) of Clause 1.

Mr. Speaker : Question is–,-

That sub-Clause (1) of Clause 1 stand put of the Bill. The motion was carried.

Enacting Fomula.

12—00 बजे

Mr. Speaker : Question is—

That Enacting formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title.

Mr. Speaker : Question is—

That title be the title of the Bill.

The motion was carried.

Industries Minister (Shri Harpal Singh) : Sir, I beg to move—

That the Haryana Industrial Estates (Development and Regulation) Bill, be passed.

Mr. Speaker : Motion moved-

That the Haryana Industrial Estates (Development and Regulation) Bill, be pasted.

Mr. Speaker : Question is—

That the Haryana Industrial Estates (Development and Regulation) Bill be passed.

The motion was carried.

दी हरियाणा अनैटमी बिल, 1974

State Minister for Home and Health (Shrimati Sharda Rani) : Sir, **I** beg to introduce the Haryana Anatomy Bill, 1974.

Sir, **I** also move—

That the Haryana Anatomy Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Haryana Anatomy Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker : Question is—

That the Haryana Anatomy Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker : The Bill will now be taken into consideration clause by clause,

Sub-Clause (2) of Clause 1.

Mr. Speaker : Question is—

That Sub-Clause (2) of Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clauses 2 to 11.

Mr. Speaker : Question is—

that Clauses 2 to 11 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Sub-Clause (1) of Clause 1.

Mr. Speaker : Question is—

That Sub-Clause (1) of Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula.

Mr. Speaker : Question is—

That the Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title.

Mr. Speaker Question is—

That title be the title of the Bill.

The motion was carried.

State Minister for Home and Health (Shrimati Sharda Rani) : Sir, **I** beg to move—

That the Haryana Anatomy Bill be passed.

Mr Speaker : Motion moved—

That the Haryana Anatomy Bill be passed.

Mr. Speaker : Question is—

That the Haryana Anatomy Bill be passed.

The motion was carried.

दी हरियाणा कोरनियल ग्राफटिग बिल, 1974

State Minister for Home and Health (Shri mati Sharda Rani) : Sir, **I** beg to introduce the Haryana Corneal Grafting Bill, 1974.

Sir, **I** also move—

That the Haryana Corneal Grafting Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Haryana Corneal Grafting Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker : Question is—

That the Haryana Corneal Grafting Bill be taken into consideration at once. The motion was carried.

Mr. Speaker : The Bill will now be taken up for consideration clause by clause.

Sub-Clause (2) of Clause 1.

Mr. Speaker : Question is—

That Sub-Clause (2) of Clause 1. stand part of the Bill.

The motion was carried,

Clauses 2 to 8.

Mr. Speaker : Question is—

That Clauses 2 to 8 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Sub-Clause (1) of Clause 1.

Mr. Speaker : Question is—

That Sub-Clause (1) of Clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula.

Mr. Speaker : Question is—

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title.

Mr. Speaker : Question is—

That title be the title of the Bill.

The motion was carried.

State Minister for Home and Health (Shrimati Sharda Rani) : Sir, I beg to move—

That the Haryana Corneal Grafting Bill be passed.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Haryana Corneal Grafting Bill be passed

Mr. Speaker: Question is

That the Haryana Corneal Grafting Bill be passed.

The motion was carried.

Mr. Speaker : The House stands adjourned till 2-00 P.M. on Monday, the 15th.

12—07 बजे

(The Sabha then adjourned* till 2-30 P.M. on Monday, the 15th July, 1974.)